राष्ट्रीय दैनिक अख़बार
दैनिक शुभ भास्कर
भारत के सभी राज्यों से जिला ब्यूरो चीफ, रिपोर्टर
विज्ञापन प्रभारी जुड़ने के लिए संपर्क करे
संपर्क सूत्र -
+9198523 15231
+91 9625958256

Epaper :https://dainikshubhbhaskar.com

दैनिक शुभ भास्कर

हर कदम आपके साथ...

https://shubhbhaskar.com

उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड से एक साथ प्रसारित

• वर्ष : 1 • अंक : 298 • नई दिल्ली, 21 अक्टूबर 2024 • पृष्ठ: 8 • मूल्य : 04 रुपये, RNI.NO. UPHIN/2015/64737

पिछले दस सालों में सुधरा है देश का स्वास्थ्य टीकाकरण के ग्राफ को बढ़ाया गया: पीएम

प्रधानमंत्री ने किया अत्याधुनिक आर झुनझुनवाला शंकरा आई हॉस्पिटल का उद्घाटन

एजेंसी। वाराणसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को हरिहरपुर स्थित अत्याधुनिक आर झुनझुनवाला शंकरा आई हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने काशीवासियों और पूरे पूर्वांचल को इस आधुनिक अस्पताल की सौगात मिलने पर बधाई दी। साथ ही इसे काशी के लिए आधुनिकता और आध्यात्मिकता का संगम बताया और कहा कि भगवान शंकर की नगरी में स्थापित यह अस्पताल यहां के बुजुर्गों, बच्चों और गरीबों को बेहतर नेत्र चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेगा।

काशीवासियों को समर्पित आधुनिक नेत्र चिकित्सालय : प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि काशी के लिए यह दिन विशेष है। क्योंकि, इस आधुनिक नेत्र चिकित्सालय की स्थापना से पूर्वांचल को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि यह अस्पताल केवल नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि रोजगार के अवसरों को भी बढ़ावा देगा। यहां मेडिकल कॉलेज के छात्रों को प्रैक्टिस का अवसर मिलेगा और सपोर्ट स्टाफ के रूप में नौकरियों के भी रास्ते खुलेंगे। उन्होंने कहा कि काशी अनंत काल से धर्म और संस्कृति की

राजधानी रही है और अब यह स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में भी अग्रणी हो रही है। काशी अब यूपी के बड़े आरोग्य केंद्र यानी हेल्थकेयर हब के रूप में उभर रही है।

शंकराचार्य के आशीर्वाद से पूर्वांचल को मिला उपहार : प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में शंकराचार्य शंकर विजेन्द्र सरस्वती के आशीर्वाद को विशेष रूप से याद किया। उन्होंने कहा, मेरे लिए यह बहुत संतोष का विषय है कि शंकराचार्य जी के मार्गदर्शन में मैंने कई कार्य पूरे किए हैं। उनके आशीर्वाद से पूर्वांचल को यह आधुनिक अस्पताल मिला है। यह मेरे संसदीय क्षेत्र के लोगों के लिए एक बड़ी सौगात है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें शंकराचार्यों का सानिध्य और स्नेह प्राप्त हुआ और यह उनके जीवन का बड़ा सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि जगद्गुरु शंकराचार्य का काशी आना और यहां के जनप्रतिनिधि के रूप में उनका स्वागत करना उनके लिए एक व्यक्तिगत संतोष का विषय है।

राकेश झुनझुनवाला की विरासत का उल्लेख : प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर अपने मित्र और व्यापार जगत के प्रसिद्ध व्यक्ति राकेश झुनझुनवाला को भी याद किया। उन्होंने कहा, झुनझुनवाला की व्यापार जगत में एक विशिष्ट पहचान थी लेकिन वह सेवा कार्यों से भी जुड़े थे। उनकी विरासत को उनका परिवार आगे बढ़ा रहा है और यह अस्पताल उसी का एक प्रमाण है। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर झुनझुनवाला के सेवा कार्यों की सराहना की और कहा कि उनका योगदान समाज के लिए प्रेरणादायक रहेगा।

पूर्वांचल में स्वास्थ्य सुविधाओं का अभूतपूर्व विस्तार : प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्वांचल में पिछले एक दशक में हुए स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा, आज से 10 साल पहले पूर्वांचल में दिमागी बुखार जैसी गंभीर बीमारियों के लिए ब्लॉक स्तर पर उपचार की कोई सुविधा नहीं थी लेकिन आज 100 से अधिक केंद्र इन बीमारियों के इलाज के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में 10,000 से अधिक बेड जोड़े गए हैं। इसके अलावा गांवों में 5,500 से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्थापित किए गए हैं और 20 से अधिक डायलिसिस यूनिट अब काम कर रही हैं।

10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले

पीएम मोदी ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को बीमारी से बचाना सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। क्योंकि, बीमारी गरीब को और गरीब बना देती है। बीते 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं लेकिन एक गंभीर बीमारी उन्हें फिर से गरीबी में धकेल सकती है। इसी कारण सरकार पोषक खानपान और टीकाकरण पर विशेष जोर दे रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 10 साल पहले करोड़ों बच्चे टीकाकरण से वंचित थे। उन्होंने मिशन इंद्रधनुष की शुरुआत की, जिससे टीकाकरण की दर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। उन्होंने कहा कि यह अभियान कोरोना काल में भी काफी मददगार साबित हुआ।

सैन्य अधिकारी रणनीतिक विचारक बनें और नई प्रौद्योगिकी का लाभ लें: राजनाथ सिंह

एजेंसी। नई दिल्ली

घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जारी गंभीर सुरक्षा चुनौतियों के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को राजधानी में शीर्ष सैन्य अधिकारियों से लगातार बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य में रणनीतिक लाभ लेने के लिए तर्कसंगत ढंग से सोचने, अप्रत्याशित परिस्थितियों के अनुकूल अपने को ढालने और नवीनतम प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने का आह्वान किया। वह 62वें राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय (एनडीसी) के वर्ष-2022 बैच के एमफिल दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। जिसमें उन्होंने कहा कि मौजूदा दौर में तेजी से हो रही प्रौद्योगिकी प्रगति सबसे महत्वपूर्ण ताकत है। जो भविष्य के लिए तैयार सेना के विकास को गति प्रदान करती है। युद्ध की लगातार बदलती प्रकृति में साइबर हमले, दुष्प्रचार अभियान और आर्थिक युद्ध ऐसे साधन बन गए हैं। जो बिना एक भी गोली चलाए पूरे देश को अस्थिर कर सकते हैं। ऐसे में सैन्य नेतृत्व के पास जटिल समस्याओं के विश्लेषण के अलावा नए समाधान तैयार करने की क्षमता होनी चाहिए। रक्षा मंत्री ने अपने संबोधन में सैन्य अधिकारियों से

रणनीतिक विचारक बनने का आग्रह किया। जो भावी संघर्षों का अनुमान लगाने, अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक गतिशीलता को समझने, बुद्धिमत्ता और सहानुभूति के साथ नेतृत्व करने में सक्षम हों। उन्होंने कहा, ड्रोन, स्वायत्त वाहनों के साथ कृत्रिम मेधा (एआई) और क्वांटम कम्प्यूटिंग जैसी आधुनिक युद्ध को आकार देने वाली प्रौद्योगिकियां बहुत तेजी से विकसित हो रही हैं। अधिकारियों को इन्हें समझना चाहिए और इनका उपयोग करने में सक्षम होना चाहिए। एआई का बेहतर ढंग से लाभ उठाने के लिए अधिकारियों को इनका गहन विश्लेषण करने की आवश्यकता है। साथ ही लिए जाने वाले निर्णयों में इसके हस्तक्षेप की सीमा तय करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, राजनाथ ने रोजमर्रा के आधार पर प्रयोग किए जाने वाले उपकरणों, प्रौद्योगिकियों को विरोधियों द्वारा हथियार बनाने की संभावनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारे विरोधियों द्वारा किए जाने वाले इनके दुरुपयोग के मद्देनजर हमें इन खतरों के लिए तत्परता से तैयारी करनी चाहिए। एनडीसी जैसी संस्थाओं को अपने पाठ्यक्रम को इस तरह से विकसित करना चाहिए कि इनमें न केवल अपरंपरागत युद्ध पर केस स्टडी शामिल हो। बल्कि रणनीतिक नवाचार को भी शामिल किया जाए। राजनाथ सिंह के मुताबिक, पूर्वानुमान लगाने, अपने आपको को परिस्थिति के अनुकूल ढालने और प्रतिक्रिया करने की क्षमता हमेशा उभरने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए हमारी तैयारी को परिभाषित करेगी। सरकार तकनीकी रूप से उन्नत और चुस्त सेना के गठन को लेकर संकल्पबद्ध है। ये एक ऐसी सेना होगी जो उभरते हुए खतरों का जवाब देने और राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा करने में सक्षम हो। सशस्त्र बलों को भविष्य की तैयारी के लिए और लचीला बनाए रखने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। वर्तमान युद्ध की चुनौतियों से निपटने के लिए भविष्य के नेतृत्व में नैतिक ढांचे को स्थापित करने में एनडीसी जैसे संस्थानों की अहम भूमिका है।

संक्षिप्त समाचार

जम्मू-कश्मीर के डोडा में लगे भूकंप के झटके, नुकसान की सूचना नहीं



श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के डोडा में रविवार को भूकंप के झटके लगे। यह 29 घंटों में दूसरी बार महसूस किए गए, जब लोगों ने धरती हिलते हुए महसूस किया। रविवार सुबह करीब 11 बजकर 21 मिनट पर 3.7 की तीव्रता के भूकंप ने डोडा को हिला दिया। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक इस भूकंप का केंद्र धरती की 5 किलोमीटर की गहराई में स्थिति था और इसका स्थान अक्षांश 33.00 डिग्री उत्तर और देशांतर 75.94 डिग्री पूर्व पर था। भूकंप से किसी भी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। इससे पहले शनिवार को भी डोडा जिले में 4.3 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। इस भूकंप का केंद्र डोडा जिले के गुंडोह क्षेत्र में था और यह झटका शाम करीब सवा 6 बजे महसूस किया गया था। डोडा जिले में लगातार भूकंप के झटके सामने आने के बाद लोग चिंतित हैं, लेकिन अब तक किसी प्रकार के भारी नुकसान की सूचना नहीं है। इससे पहले 13 अक्टूबर को भी डोडा में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। साथ 13 अक्टूबर को असम के गुवाहाटी जिले में भी 4.6 की तीव्रता वाला भूकंप आया था। 12 अक्टूबर को हिमाचल में भी भूकंप के झटके लगे थे।

शहरी भूमि अभिलेखों के सर्वे पर कार्यशाला का शिवराज चौहान कल करेंगे उद्घाटन

नई दिल्ली। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान भारत में "शहरी भूमि अभिलेखों के सर्वेक्षण-पुनः सर्वेक्षण में आधुनिक तकनीक का उपयोग" विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का सोमवार, 21 अक्टूबर को यहां के डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में शुभारंभ करेंगे। भूमि संसाधन विभाग कार्यशाला का आयोजन कर रहा है। कार्यशाला में पहले दिन सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, यूके, स्पेन, नीदरलैंड, यूएई, फ्रांस, यूएसए, जापान और जर्मनी जैसे देशों के विशेषज्ञों द्वारा डिजिटल भूमि अभिलेख में सर्वोत्तम प्रथाओं पर प्रकाश डालते हुए प्रस्तुतीकरण दी जाएगी। प्रमुख भारतीय और अंतरराष्ट्रीय फर्मों द्वारा तकनीकों का प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यशाला के दूसरे दिन की कार्यसूची में केस स्टडीज़ को समर्पित दो सत्र शामिल हैं। पहले सत्र के विचार-विमर्श में मुख्य बल सुरक्षित भूमि अभिलेखों के क्षेत्र में उन्नत और उभरती हुई तकनीकों के साथ डिजिटल भूमि प्रबंधन, सर्वेक्षण में इस्तेमाल होने वाली कार्यपद्धतियों, तकनीकों और भूमि अभिलेखों के डिजिटीकरण विषय शामिल होंगे। कार्यशाला के समापन सत्र को ग्रामीण विकास राज्यमंत्री डॉ. चन्द्रशेखर पेम्मासानी संबोधित करेंगे। भूमि संसाधन विभाग, ग्रामीण विकास मंत्रालय 01 अप्रैल 2016 से 100 प्रतिशत वित्त पोषण के साथ डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम नामक केंद्रीय क्षेत्र की योजना के तहत देश के सभी 28 राज्यों और 8 संघ राज्य क्षेत्रों में भूमि अभिलेखों के आधुनिकीकरण में अग्रणी प्रयास कर रहा है।

एयरलाइंस को लगातार मिली धमकियों के बाद डीजीसीए प्रमुख हटाए गए

एनआई और आईबी से रिपोर्ट मांगी गई

एजेंसी। नई दिल्ली

विभिन्न एयरलाइंस को लगातार मिल रही धमकियों के बाद केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय ने डीजीसीए (नागरिक उड्डयन महानिदेशालय) के प्रमुख विक्रम देव दत्त को उनके पद से हटाकर कोयला मंत्रालय में सचिव नियुक्त कर दिया है। यह फैसला एयरलाइंस को मिलीं धमकियों से जोड़ कर देखा जा रहा है। गौरतलब है कि शनिवार को ही 30 से अधिक विमानों को बम से उड़ाने की धमकियां मिलीं थीं, जिससे यात्रियों में हड़कंप मच गया। विगत दिनों से में बम से विमान को उड़ाने की धमकियों के बाद विमानों की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई और पूरी जांच के बाद उन्हें रवाना किया गया, लेकिन इस प्रक्रिया में सैकड़ों यात्री घंटों तक परेशान रहे। केंद्र सरकार ने इस गंभीर स्थिति पर तत्काल कदम उठाते हुए सिविल एविएशन मिनिस्ट्री और ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (बीसीएएस) से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। इसके साथ ही, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सीआईएसएफ, राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआई), और इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) को भी इस मामले पर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। इसी बीच खबर आई है, कि केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय ने नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के प्रमुख विक्रम देव दत्त को उनके पद से हटाकर कोयला मंत्रालय में सचिव नियुक्त कर दिया है। बम से एयरलाइंस उड़ाने की मिली धमकियों के बीच यह फैसला आया है, अतः इसे इन्हीं घटनाओं से जोड़ा जा रहा है।

भारतीय आकाश पूरी तरह सुरक्षित : हसन : महज एक दिन में 30 से अधिक विमानों को धमकियां मिलने के बाद विमानन कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों ने ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (बीसीएएस) के अफसरों से मुलाकात की। इस बीच बीसीएएस के डायरेक्टर जनरल जुल्फिकार हसन ने आश्वासन दिया कि भारतीय आकाश पूरी तरह सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि इस तरह की धमकियों से निपटने के लिए सभी आवश्यक सुरक्षा उपाय किए जा रहे हैं।

बम की धमकियां: 20 से ज्यादा फ्लाइट्स की इमरजेंसी लैंडिंग

नई दिल्ली। देश में यात्री विमानों को मिल रहीं बम से उड़ाने की धमकियों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार के बाद रविवार को भी 20 से अधिक फ्लाइट्स को बम से उड़ाने की धमकी मिली, जिसमें इंडिगो, विस्तारा और एयर इंडिया की कुल छह-छह विमान शामिल हैं। यहां बताते चलें कि पिछले एक हफ्ते में 90 से ज्यादा विमानों को बम की धमकी मिल चुकी है, हालांकि ये सभी धमकियां झूठी साबित हुईं। इससे पहले 19 अक्टूबर शनिवार को 30 से ज्यादा फ्लाइट्स को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी, जिससे सैकड़ों यात्री घंटों तक परेशान होते रहे। इन धमकियों के कारण एयरलाइंस को अब तक 200 करोड़ रुपए का नुकसान हो चुका है।

केंद्र ने मांगी रिपोर्ट : गृह मंत्रालय ने इसे गंभीरता से लेते हुए एयरलाइंस की स्थिति पर सिविल एविएशन मिनिस्ट्री और ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (बीसीएएस) से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। इसके साथ ही केंद्र ने सीआइएसएफ, एनआईए, और आईबी को भी जांच के आदेश दे दिए हैं।

एक तीर से दो शिकार करना चाहता था भारत: कनाडाई उच्चायुक्त

एजेंसी। नई दिल्ली

कनाडाई उच्चायुक्त ने भारत के खिलाफ जहर उगला है। कनाडा के उच्चायुक्त कैमरॉन मैके ने कहा कि भारत एक तीर से दो शिकार करना चाहता था लेकिन ऐसा संभव नहीं हो पाया। भारत एक साथ कनाडा, उत्तर अमेरिका और यूएसए में निशाना साध रहा था। वहीं निज्जर की हत्या और खालिस्तानी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश एक ही प्लॉट का हिस्सा हैं। बता दें कि कैमरॉन अब भी भारत में उच्चायुक्त के पद पर हैं। मैके ने कनाडा के सरकारी एजेंसी को शनिवार को बताया, जिस तरह के अमेरिका ने भारत पर आरोप लगाए

हैं उससे पता चलता है कि नई दिल्ली से ही एक ही प्लॉट के तहत निज्जर और पन्नू की हत्या की साजिश की गई थी। ऐसे में कनाडा और अमेरिका के सबूतों को एक साथ रखा जा सकता है। इससे पता चल जाएगा कि बीते एक साल से क्या चल रहा है। मैके ने कहा कि भारत ने बड़ी रणनीतिक भूल कर दी है। वह सोचता है कि कुछ एजेंट उत्तर अमेरिका में हिंसा करेंगे और फिर बच जाएंगे। मैं कनाडा और अमेरिका दोनों की बात कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि रेड लाइन भारत ने क्रॉस कर दी है।बता दें कि अमेरिका ने आरोप लगाया था कि रॉ के लिए काम करने वाले विकास यादव ने पन्नू की हत्या की साजिश रची थी। एफबीआई ने उन्हें मोस्ट वॉन्टेड लिस्ट में रखा है। वहीं इंडियन एक्स्प्रेस ने अपनी रिपोर्ट में यह भी बताया है कि विकास यादव पहले ही रॉ से अलग हो चुके हैं। वहीं किडनैपिंग और उगाही के आरोप में उन्हें दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार भी किया था। पहली बार ऐसा हुआ है कि कनाडा के किसी राजनयिक ने इस तरह के आरोप भारत पर लगाए हैं। बता दें कि बीते साल जून में कनाडा में ही खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की कुछ अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी थी। वहीं अमेरिका में गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने का आरोप अमेरिका ने भारत पर लगाया है। भारत ने इन सभी आरोपों को राजनीति से प्रेरित बताकर खारिज कर दिए हैं।बता दें कि मैके के उप उच्चायुक्त स्टेवार्ट व्हीलर का भी नाम उन राजनयिकों में शामिल है जिन्हें भारत से निष्कासित किया गया है। वहीं नई दिल्ली ने अपने उच्चायुक्त और पांच अन्य राजनयिकों को कनाडा से वापस बुला लिया है। कनाडा की सरकार ने उन्हें निष्कासित करने की बात कही थी। भारतीय उच्चायुक्त संजय वर्मा भी कनाडा छोड़ चुके हैं।

कोयला मंत्रालय स्टार रेटिंग पुरस्कार समारोह की करेगा मेजबानी

नई दिल्ली। कोयला मंत्रालय सोमवार को स्कोप कन्वेंशन सेंटर लोधी रोड, नई दिल्ली में स्टार रेटिंग पुरस्कार समारोह तथा खनन डेवलपर्स सह ऑपरेटरों (एमडीओ) पर हितधारक परामर्श आयोजित कर रहा है। इसमें भारत की कोयला निर्देशिका का विमोचन भी किया जाएगा। मंत्रालय के अनुसार इन आयोजनों का उद्देश्य कोयला और लिग्नाइट खदानों के असाधारण प्रदर्शन को मान्यता देना, प्रमुख हितधारकों के साथ जुड़ाव को बढ़ावा देना और कोयला क्षेत्र में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करना है। केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। वहीं कोयला एवं खान राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे मुख्य अतिथि होंगे।

ममता की डॉक्टरों से अपील- अनशन खत्म करें, राजनीति से ऊपर उठकर काम पर लौटें

एजेंसी। कोलकाता

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर के रेप और मर्डर के विरोध में अनशन कर रहे डॉक्टरों से पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अनशन खत्म करने की एक बार फिर अपील की है। ममता ने कहा कि डॉक्टरों की अधिकतर मांगों को मान लिया गया है, लेकिन स्वास्थ्य सचिव को हटाने की मांग स्वीकार नहीं की जाएगी।

सीएम ममता बनर्जी ने कहा, कि हर किसी को विरोध का अधिकार है, लेकिन स्वास्थ्य सेवाओं को बाधित नहीं किया जा सकता। किसी विभाग के सभी लोगों को एक साथ हटाना संभव नहीं है। हमने पहले ही स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशक और

चिकित्सा शिक्षा निदेशक को हटा दिया है, इसलिए डॉक्टर राजनीति से ऊपर उठकर अपने काम पर लौटें।

डॉक्टर्स 15 दिनों से भूख हड़ताल पर : ट्रेनी डॉक्टर रेप-मर्डर मामले को लेकर डॉक्टर पिछले 15 दिनों से भूख हड़ताल पर हैं, जिसमें अब तक छह डॉक्टरों को गंभीर स्वास्थ्य स्थितियों के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों की मांग है कि राज्य सरकार 21 अक्टूबर तक उनकी समस्याओं का समाधान करे।

ममता आज करेंगी बैठक : ममता बनर्जी ने सोमवार को डॉक्टरों से मिलने की योजना बनाई है। राज्य के चीफ सेक्रेटरी मनोज पंत ने डॉक्टरों को मुख्यमंत्री के साथ 45 मिनट की बैठक के लिए आमंत्रित किया, लेकिन डॉक्टरों ने अपनी मांगें पूरी होने तक अनशन खत्म करने से इनकार कर दिया है। हालांकि, वे बैठक में शामिल होंगे। ममता ने सवाल उठाया है, कि क्या यह सही है कि डॉक्टर तय करें कि किस अधिकारी को हटाया जाए? कुछ मांगों के लिए नीतियां बनानी पड़ेंगी, और सरकार इसमें सहयोग करेगी, लेकिन यह नहीं हो सकता कि डॉक्टर सरकार को बताएँ कि क्या करना है।

दिल के इलाज का खर्च 5 साल में 53फीसदी बढ़ा, बीमा क्लेम भी हुआ दोगुना

एजेंसी। मुंबई

भारत में दिल की बीमारियों के इलाज का खर्च पिछले पांच वर्षों में 53फीसदी तक बढ़ चुका है, जिससे इलाज के लिए मरीजों को अधिक आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा है। इस बढ़ोतरी का मुख्य कारण आधुनिक चिकित्सा तकनीकों का उपयोग, अस्पतालों की बढ़ती फीस और उपचार की जटिलता है। इसके साथ ही, दिल के इलाज से जुड़े बीमा क्लेम की संख्या भी दोगुनी हो गई है, जिससे यह साफ होता है कि लोग इलाज के लिए बीमा पर निर्भर हो रहे हैं। देश में दिल की बीमारियों के मामलों में निरंतर वृद्धि हो रही है। उच्च कोलेस्ट्रॉल, अनियमित जीवनशैली, शारीरिक असक्रियता और तनाव जैसे कारण दिल से संबंधित बीमारियों का मुख्य



कारण बन रहे हैं। इससे इलाज की मांग बढ़ी है, जिससे अस्पतालों की सेवाओं और उपकरणों की लागत में इजाफा हुआ है। मरीजों को इलाज की प्रक्रिया में एंजियोप्लास्टी, बाईपास सर्जरी, हार्ट ट्रांसप्लांट जैसी जटिल प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है, जिनकी लागत भी ज्यादा है। एक रिपोर्ट के अनुसार, दिल के इलाज में सबसे बड़ी वृद्धि एंजियोप्लास्टी और बाईपास सर्जरी की लागत में हुई है। इन प्रक्रियाओं की कीमत में 5 साल में 50फीसदी से अधिक का इजाफा हुआ है। इसके अलावा, अस्पतालों में वॉर्ड और आईसीयू के खर्च में भी वृद्धि देखी गई है, जो इलाज की कुल लागत को प्रभावित करता है। बीमा कंपनियों द्वारा किए गए सर्वेक्षण से यह भी पता चला है कि दिल के इलाज से संबंधित बीमा क्लेम दोगुने हो गए हैं। यह दर्शाता है कि लोग अपनी चिकित्सा खर्चों को कवर करने के लिए बीमा का सहारा ले रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि बीमा कंपनियों को इस बढ़ती मांग के अनुरूप अपनी सेवाओं को सुधारने और अधिक योजनाएं लाने की आवश्यकता है। बीमा कंपनियों के अनुसार, दिल के इलाज से जुड़े क्लेम के बढ़ने से बीमा क्षेत्र पर दबाव बढ़ गया है।

राष्ट्रपति मुर्मु मंगलवार को 5वां राष्ट्रीय जल पुरस्कार प्रदान करेंगी

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मंगलवार, 22 अक्टूबर को यहां के विज्ञान भवन में 5वां राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2023 प्रदान करेंगी। एक सरकारी विज्ञप्ति में आज इसकी जानकारी दी गई। जल शक्ति मंत्रालय के तहत जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग ने 14 अक्टूबर 2024 को 09 श्रेणियों अर्थात सर्वश्रेष्ठ राज्य, सर्वश्रेष्ठ जिला, सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत, सर्वश्रेष्ठ शहरी स्थानीय निकाय, सर्वश्रेष्ठ विद्यालय या महाविद्यालय, सर्वश्रेष्ठ उद्योग, सर्वश्रेष्ठ जल उपयोगकर्ता संघ, सर्वश्रेष्ठ संस्थान (विद्यालय या महाविद्यालय के अलावा) और सर्वश्रेष्ठ नागरिक समाज में 5वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार, 2023 के लिए संयुक्त विजेताओं सहित 38 विजेताओं की घोषणा की थी। सर्वश्रेष्ठ राज्य की श्रेणी में पहला पुरस्कार ओडिशा को दिया गया है जबकि उत्तर प्रदेश ने दूसरा स्थान प्राप्त किया है।

केंद्रीय मंत्री मांडविया कल ई-श्रम वन स्टॉप सॉल्यूशन की करेंगे शुरुआत

नई दिल्ली। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया सोमवार को ई-श्रम वन स्टॉप सॉल्यूशन पहल की शुरुआत करेंगे। बजट घोषणा के अनुरूप इस पहल से असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की एक ही स्थान पर विभिन्न सामाजिक योजनाओं तक पहुंच सुनिश्चित हो सकेगी। एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार ई-श्रम वन स्टॉप समाधान पहल से असंगठित मजदूरों को उनके लिए बनी विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं कार्यक्रम के बारे में जानकारी मिलेगी। इसका उद्देश्य असंगठित श्रमिकों के लिए सभी सामाजिक सुरक्षा और कल्याण योजनाओं की जानकारी को एक ही मंच के माध्यम से प्रभावी तरीके से एकीकृत करना है। वन-स्टॉप-सॉल्यूशन के रूप में ई-श्रम असंगठित श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा और कल्याण योजनाओं की पहचान और कार्यान्वयन को सुविधाजनक बनाने और योजनाओं को तेज़ और प्रभावी तरीके से लागू करने में मदद करेगा। नतीजतन, विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों की 12 योजनाओं को पहले ही ई-श्रम के साथ एकीकृत/मैप किया गया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि 2021 के अगस्त में ई-श्रम पोर्टल लॉन्च किया गया था।

ख़ास ख़बर

विद्युत चोरी के विरुद्ध छापामारी अभियान ,दो पर हुई प्राथमिकी

सुनील कुमार मिश्र

औरंगाबाद। जिले के रफीगंज विद्युत विभाग द्वारा सहायक विद्युत अभियंता अशोक राज के नेतृत्व में विद्युत चोरी के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया गया।छापामारी के दौरान नहरखाप गांव में देवगिरी यादव के घर छापामारी किया गया। यहां घरेलू परिसर में विद्युत बिल नहीं जमा करने के कारण पूर्व में इनका कनेक्शन काट दिया गया था। बावजूद इनके द्वारा विद्युत का उपयोग किया जा रहा था। जिन्हें 51428 रुपया फाइन किया गया।वहीं इसी गांव में गया यादव के घर छापामारी किया गया। ईनके यहां भी बिजली बिल बकाया होने के कारण पूर्व में कनेक्शन काटा गया था। बावजूद अवैध रूप से विद्युत का उपयोग किया जा रहा था। इन पर 22000 रुपया जुर्माना लगाया गया। उक्त सभी पर रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज किया गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि विद्युत चोरी के विरुद्ध विद्युत विभाग द्वारा दो लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्राथमिकी दर्ज कर मामले की तहकीकात की जा रही है। इस अभियान में कनीय विद्युत अभियंता रविशंकर कुमार, संतोष कुमार, कनीय सारणी पुरुष ओम प्रकाश कुमार, अजीत कुमार सहित अन्य विद्युत कर्मी शामिल थे।

लक्ष्मी पूजा को लेकर आजाद निकेतन संघ का बैठक

सुनील कुमार मिश्र

औरंगाबाद। जिले के रफीगंज अब्दुलपुर सामुदायिक भवन में आजाद निकेतन संघ के द्वारा लक्ष्मी पूजा से संबंधित बैठक की गई।अध्यक्षता पूर्व सचिव हरेंद्र कुमार ने किया । उन्होंने ने बताया कि इस बार से आजाद निकेतन संघ की जिम्मेदारी नव युवक लोगों की कंधे पर दी गई है। 31 अक्टूबर को पूजा के बाद एक और दो नवंबर को सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जाएगा। इस मौके पर पूर्व वार्ड पार्षद राजेंद्र यादव, राकेश यादव ,इंदल पासवान, डायरेक्टर उमेश प्रसाद, विनोद कुमार, विकास कुमार, छोटू कुमार, रंजन यादव ,बृजेश यादव, संजीत चौधरी, अनुज वर्मा, संजीत कुमार ,सहित आजाद निकेतन संघ के अन्य सदस्य शामिल थे।

बिहार लोक निर्माण दल के कार्यकर्ता मोतिहारी के लिये रवाना

सुनील कुमार मिश्र।

औरंगाबाद। जिले से बिहार लोक निर्माण दल के सैकड़ो कार्यकर्ता प्रदेश अध्यक्ष विनोद चौहान, उपाध्यक्ष प्रदीप चौहान के नेतृत्व में मोतिहारी के ढाका प्रखंड में सम्मेलन में हिस्सा लेने गये।विनोद चौहान एवं प्रदीप चौहान ने बताया कि बिहार लोक निर्माण दल के बैनर तले नौनिया बिंद जाति का प्रखंड सम्मेलन मंच के राष्ट्रीय संयोजक रोहन चौहान के नेतृत्व में मोतिहारी जिला के ढाका प्रखंड मे 21 अक्टूबर को हो रही है।दल एवं समाज को एकजुट करने औरंगाबाद जिला से सैकडो कार्यकर्ता रवाना हुये।इस मौके पर जयराम चौहान,निरंजन चौहान,विकास चौहान,अनिता देवी,सोनू चौहान,सागर चौहान,रामभजन चौहान बहादुर चौहान,नरेश चौहान,देवानंद चौहान सहित अन्य लोग शामिल थे।

चांसलर ट्रॉफी में जेपीयू महिला टीम ने पाया तीसरा स्थान

दैनिक शुभ भास्कर,

छपरा(बिहार)20 अक्टूबर 2024:- पटना में खेले गए चांसलर ट्रॉफी कबड्डी प्रतियोगिता में जय प्रकाश विश्वविद्यालय की महिला टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कुलाधिपति-सह- राज्यपाल ने कुलपति को ट्रॉफी प्रदान की। इस अवसर पर खेल निदेशक प्रोफेसर राजेश नायक जिनके नेतृत्व में टीम ने भागीदारी की थी भी मौजूद थे। बता दें कि इस प्रतियोगिता मे कुल 23 विश्वविद्यालयों के 480 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इससे पहले सेमीफाइनल में जय प्रकाश विश्वविद्यालय की टीम को चैंपियन टीम दरभंगा से कड़े मुकाबले में पराजित होना पड़ा था। इस प्रतियोगिता में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय दरभंगा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो.परमेंद्र कुमार बाजपेयी, डीएसडब्ल्यू प्रो. राणा विक्रम सिंह, प्रॉक्टर प्रो. विश्वामित्र पाण्डेय, कुलसचिव प्रो. नारायण दास सहित विश्वविद्यालय के अन्य पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

कल्पवृक्ष महोत्सव के आयोजन को लेकर की गई बैठक

दैनिक शुभ भास्कर,
विजय कुमार सिंह
संवाददाता कुटुंबा प्रखंड,

औरंगाबाद (बिहार) 20 अक्टूबर 2024:- कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत परता स्थित कल्पवृक्ष मंदिर परिसर में रविवार को महोत्सव मानाने के लिए बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता अशोक कुमार सिंह ने की । बैठक में सर्व समिति से निर्णय हुआ कि 14 नवम्बर से 16 नवम्बर तक महोत्सव मनाया जायेगा जिसकी रूप रेखा 14 नवम्बर साईकिल रैली, उदघाटन, एवं सेमिनार का आयोजन होगा। 15 नवम्बर को सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं 16नवम्बर को महिला कबड्डी का आयोजन होगा। यह कार्यक्रम 6 वर्षों से लगातार होते हुए आ रहा है।इस वर्ष भी भव्य रूप से महोत्सव मनाया जायेगा इसके लिए पहले से ही तैयारी की जा रही है इस बैठक में उपस्थित स्थानीय मुखिया श्याम बिहारी पासवान,सचिव धर्मेंद्र मालाकार,उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, वीरेंद्र पाण्डेय, विजय यादव, अशोक मेहता आदि।

सामूहिक विवाह के आयोजन को लेकर बैठक

दैनिक शुभ भास्कर,
विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुम्बा प्रखंड,

औरंगाबाद (बिहार) 20 अक्टूबर 2024:- कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत डेहरी गाँव में आज बाबा बासुकीनाथ सेवा समिति की बैठक आयोजित की गयी, जिसमें सर्वसम्मति से 18 जनवरी 2025को सामुहिक विवाह समारोह कराने का निर्णय लिया गया । बैठक की अध्यक्षता रिटायर्ड शिक्षक युगेश सिंह ने की । बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गयी जिसमें अधिक से अधिक जोड़ों का सामुहिक विवाह कराने का निर्णय लिया गया । सदस्यों ने कहा कि इस निर्णय से सैकड़ों गरीब परिवारों का कल्याण होगा, जो अपनी लाडली बिटिया का विवाह कराने में असमर्थ है। उनके लिए यह बहुत ही सुनहला मौका मिला गरीब की लड़की कि शादी कराने में कमिटि के निर्णय के अनुसार मदद किया जायेगा । इस बैठक में आयोजन स्थल को लेकर अंतिम निर्णय नहीं लिया गया । ज्ञात हो कि बाबा बासुकीनाथ सेवा समिति द्वारा 2016 से कुटुम्बा प्रखंड के विभिन्न धर्मस्थलों पर प्रत्येक वर्ष सामुहिक विवाह समारोह का आयोजन सम्पन्न कराया जाता है जिसमें दर्जनों जोड़ों का विवाह बड़े धूमधाम से समिति द्वारा कराया जाता है । इस बैठक में प्रमुख रूप से अध्यक्ष बरुण कुमार सिंह उर्फ जब्बर सिंह, सचिव राकेश पाठक, युगेश सिंह, जे पी गुप्ता , मनेश सिंह, रविन्द्र सिंह, राजेश शौंडिक, रामानुज सिंह, शंकर गोश्वामी, आचार्य गिरिजानन्दन पाठक, रणविजय सिंह, अशोक सिंह, धर्मेंद्र सिंह, अजय स्वर्णकार, संदीप सिंह, ब्रजेश सिंह, नीरज पाठक, अरविंद सिंह, प्रमोद सिंह, राकेश सिंह, चिंटू, छोटे ,राजा, दीपक इत्यादि लोग उपस्थित रहे ।

सारण से जनसुराज के नेता आरा चुनाव प्रचार के लिए रवाना

तरारी में जनरल एस के सिंह से योग्य कोई प्रत्याशी नही इसलिए जनसुराज की जीत निश्चित है : युवराज

दैनिक शुभ भास्कर,
छपरा(बिहार)20 अक्टूबर 2024:- जन सुराज के जिला संयोजक प्रियरंजन युवराज के नेतृत्व में बिहार उपचुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने जनसुराज के दर्जनों नेता आरा रवाना हुए । आरा प्रस्थान के पूर्व प्रियरंजन युवराज ने कहा कि तरारी के इतिहास में पहली बार किसी राष्ट्र स्तरीय योग्य व्यक्ति को किसी राजनीतिक दल ने चुनाव में प्रत्याशी बनाया है। वह पार्टी है जनसुराज, जिसकी चर्चा आज पुरे देश में हो रही है। युवराज ने कहा कि रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल एसके सिंह देश के पहले फील्ड मार्शल मानेक शॉ के साथ अंतिम समय में साथ थे। उनकी सियाचिन में भी पोस्टिंग रह चुकी है। आर्मी कमांडर बन कर जयपुर में भी सेवा चुके है तथा उत्तराखंड की त्रासदी के वक्त भी लोगों को जान बचाने में उन्होंने अहम भूमिका निभाई।एसके सिंह से अधिक योग्य और सेवा के लिए समर्पित प्रत्याशी कोई नही है इसलिए तरारी में जनसुराज की जीत निश्चित है। युवा जोनल प्रभारी संतोष कुमार सिंह,राजनन्दन यादव सहित दर्जनों नेता चुनाव प्रचार के लिए आरा रवाना हुए ।

कुरियर कंपनी से लूटे गए सामान के साथ अपराधी गिरफ्तार

दैनिक शुभ भास्कर,
छपरा(बिहार)20 अक्टूबर 2024:- मुफस्सिल थाना पुलिस ने ब्लु डार्ट कुरियर कंपनी से लूटे गए सामान के साथ एक अपराधी को गिरफ्तार किया। जिसके पास से लूट का माल के साथ 27 जिंदा कारतूस एवं एक मैगजीन बरामद किया गया। गिरफ्तार अपराधी मुफस्सिल थाना क्षेत्र का राहुल कुमार है,इस संदर्भ में मुफस्सिल थानाध्यक्ष विशाल आनंद ने बताया कि मुफस्सिल थाना अंतर्गत बीते 12 अक्टूबर को मठिया मोड़ स्थित ब्लू डार्ट कूरियर कंपनी दुकान से तीन अपराधियों ने पंद्रह हज़ार नगद समेत अन्य सामान की लूट की घटना को अंजाम दिया था। जिसके बाद पुलिस को सीसीटीवी व सर्विलांस के आधार पर अभिषेक सिंह,गोलू सिंह तथा दिव्यांश कुमार को इस लूट की घटना में शामिल होने की बात सामने आई। जिसके बाद पुलिस ने इन अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही थी, इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर राहुल कुमार, जो अभिषेक सिंह का किरायेदार है उसकी भूमिका सामने आई।राहुल के कमरे में ही लूटे गए सभी सामानों का बंटवारा किया गया था।इसके साथ ही राहुल को भी लूट का एक हिस्सा दिया गया था। जिसके बाद पुलिस ने दबिश देते हुए राहुल को हिरासत में लेकर सख़्ती से पूछताछ की तो यह बात सामने आई की अभिषेक सिंह अपने घर के तहखाना में ही लूट के सारे सामान व कारतूस को रखा है। पुलिस ने जब तहखाना की तलाशी ली तो वहां से 27 गोली व एक खाली मैगजीन समेत लूट के समान को भी बरामद किया गया।

चार जगह छापामारी कर 3000 किलो जावा महुआ किया विनष्ट, 210 ली महुआ देशी शराब बरामद,उपकरण जप्त। एक गिरफ्तार

दैनिक शुभ भाष्कर
सुनील कुमार मिश्र

औरंगाबाद। जिले के रफीगंज पुलिस ने कजपा टोला अनंत बिगहा , बन बिगहा दोसीला, चरकावां उपरिडीह एवं मई भुईयां बिगहा में शराब के बिरुद्ध छापामारी अभियान चलाय। जिसमें लगभग 3000 किलो जावा महुआ को विनष्ट किया गया। वहीं 210 लीटर महुआ शराब एवं शराब बनाने वाला गैस सिलेंडर, तसला , टेक्वी, सहित अन्य उपकरण जब्त किया गया। थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि चार गांव में शराब के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया गया। इस अभियान में एस आई परमजीत कुमार मंडल, कुशों कुमार, वर्षा कुमारी, सोनाली ,ध्रुव कुमार, ए एस आई बबन एवं थाना के चौकीदार विनोद कुमार द्वारा छापामारी किया गया। जैसे ही गांव में पुलिस पहुंची वहां के लोग में हड़कंप मच गया। पुलिस ने घर के आसपास एवं खेत में शराब के लिए सर्च किया।कारोबारी द्वारा शराब बनाने के लिए भारी मात्रा में भूमि में डब्बो को गाड़कर महुआ फुलाया जा रहा था। पुलिस ने जमीन खोदकर गड्ढे से निकाला। चारो जगहों में जावा फूल को निकालने के क्रम में नष्ठ कर दिया गया। शराब बनाने का उपकरण व बर्तन बरामद किया गया। इस मामले में दोसीला बन बिगहा गांव निवासी जितेंद्र भुईयां की पत्नी राजमानिया देवी को हिरासत में लिया गया। जिसके बिरुद्ध प्राथमिकी दर्ज किया गया।

ठाकुरगंज प्रखण्ड में जन सुराज पार्टी का हुआ विस्तार, मुखिया तोहिद अलम बने अध्यक्ष

बाबुल अंसारी ब्यूरो दैनिक शुभ भास्कर किशनगंज: ठाकुरगंज में जन सूराज पार्टी के प्रखण्ड का विस्तार किया गया जिसमें मलिंगाँव के मुखिया मोहम्मद तौहीद आलम को जनसुराज पार्टी ठाकुरगंज का अध्यक्ष मनोनीत किया गया जिसमें जिला से जिला प्रवक्ता निहाल अख्तर, जिला युवा अध्यक्ष सह बंदरझूला पंचायत के मुखिया मोहम्मद इकरामुल संगठन महासचिव मोहम्मद अशफाक अंसारी,महिला नेत्री शाइस्ता तबाना एवं जिला के कई वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता मौजुद रेह जानकरी देते हुए जन सूराज पार्टी किशनगंज के युवा जिला अध्यक्ष एकरामुल ने बताया कि प्रखण्ड समिति का गठन किया गया है जिसमें मोहम्मद तौहीद आलम को ठाकुरगंज प्रखण्ड का अध्यक्ष बनाया गया मुखिया तोहिद आलम ज़मीन से जुड़े हुए नेता हैं वही मीडिया से बातचीत करते हुए जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ एकरामुल ने बताया कि मुखिया तोहीद जमीन से जुड़े हुए नेता हैं इस पद की जिम्मेदारी हमेशा लोगों के बीच रहता है और लोगों की सेवा करता है युवा जिलाध्यक्ष एकरामुल ने बताया की मैं जनसुराज पार्टी के संस्थापक रणनीतिकार प्रशांत किशोर के संदेश को गांव-गांव तक पहुंचाऊंगा और और जन सुराजपार्टी को पूरे जिले भर में जमिनी सतह पर पहुंचाने का काम करूंगा मुझे उम्मीद है जनसुराज पार्टी आने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में और अपने दम पर सरकार बनाने का काम करेगी बिहार में तीसरा विकल्प बनकर उभरेगी और बिहार के पिछड़ापन और बदहाली को दूर करने का काम की जाएगी,प्रखण्ड में संगठन महासचिव की जिम्मेदारी धनीलाल गणेश किसान अध्यक्ष अशोक राय महिला अध्यक्ष अंजू लता कार्यालय प्रभारी ओम प्रकाश चौधरी युवा अध्यक्ष गौतम चंद्रवंशी और सोशल मीडिया प्रभारी इम्तियाज आलम को बनाया गया है

छठ पूजा में लगने वाले मेला की तैयारी को लेकर बैठक

दैनिक शुभ भास्कर,
छोटी देवी,प्रखंड संवाददाता नबीनगर, औरंगाबाद (बिहार) 20 अक्टूबर 2024: प्रखंड क्षेत्र के केरका पंचायत के धुंधुआ सूर्य मंदिर परिसर में रविवार को छठ पूजा को लेकर भगवान भास्कर समिति के बैनर तले बैठक आयोजित किया गया। बैठक कि अध्यक्षता वीआईपी पार्टी के जिला अध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि जगदीश चौधरी एवं संचालन सरोज मेहता ने किया। बैठक में पूजा समिति की तरफ से छठ व्रतियों की सुविधा हेतु छठ घाटों की साफ-सफाई,व्रतियों के लिए लाइटिंग,ठहरने की व्यवस्था,स्नान कक्ष समेत कई बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। मुख्य प्रतिनिधि जगदीश चौधरी ने बताया कि धुंधुआ सूर्य मंदिर परिसर में आसपास के गांवों से एकत्रित होने वाले भीड़ के नियंत्रण और सुविधाओं पर चर्चा किया गया।छठ पूजा के दौरान सूर्य मंदिर परिसर के प्रांगण में सुरक्षा को लेकर जगह जगह सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्णय लिया गया। मुखिया प्रतिनिधि ने बताया कि मेले के दौरान असामाजिक तत्व के लोगों पर समिति सदस्यों के द्वारा पर विशेष नजर रखी जाएग। छठ पूजा के दौरान घटने वाली घटनाओं को रोकने के लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन का भी सहयोग लिया जाएगा। वाहन पार्किंग के लिए विशेष जगहों का चयन किया गया है। इस दौरान मौके पर समिति के संरक्षक रामचंद्र चौधरी,सरवन सिंह,सिकंदर यादव,सुरेंद्र पाल,समाजसेवी मुनचुन सिंह ,वीरेंद्र मेहता,अमरेंद्र मेहता, राजीव सिंह,अरुण सिंह,वार्ड सदस्य राजनाथ राम,जितेंद्र पासवान,समेत भगवान भास्कर पूजा समिति के सभी सदस्य उपस्थित हैं

भारतीय क्रांतिकारी कमेटी ने शिक्षिकाओं को किया सम्मानित

दैनिक शुभ भास्कर,
छपरा(बिहार)20 अक्टूबर 2024:- भारतीय क्रांतिकारी कमेटी के संरक्षक अमित नयन और संगठन के अध्यक्ष रोहित रमन सिंह के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी मुहिम चलने वाली शिक्षिकाओं को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंट के द्वारा रविवार को सम्मानित किया गया। छपरा में प्राइमरी स्कूल में शिक्षा की अलग जगाने वाली बहुमुखी प्रतिभा की धनी शिक्षिकाएं संजना मिश्रा एवं वंशिता उपाध्याय ने संगठन के पदाधिकारी से सम्मानित होने के बाद कहा कि वे बहुत गौरवान्वित महसूस कर रही है। शिक्षिकाओं ने इसके लिए संगठन के अध्यक्ष रोहित रमन सिंह संरक्षक अमित नयन के प्रति आभार व्यक्त किया।

ढोकरा में पूर्व विधायक आनंद महतो ने की बैठक

दैनिक शुभ भास्कर
शीतल दत्ता ,वरीय संवाददाता धनबाद (झारखंड),20 अक्टूबर 2024: बलियापुर ढोकरा के जनता हाई स्कूल काली मंदिर मैदान में भाकपा माले के महिला साथी एवं कार्यकर्ता के द्वारा बुथ स्तरीय बैठक की गई l जिसमें मुख्य अतिथि सिंदरी के पूर्व विधायक आनंद महतो उपस्थित थे l इस बैठक में अध्यक्षता भीकू महतो तथा संचालन विश्वनाथ महतो एवं अविनाश महतो ने किया l मुख्य वक्ता ने कहा कि लाल झंडा हमेशा यहां के लोगों के दुख सुख में तत्पर रहते आए हैं और आगे भी रहेंगे हम लोग के जीते या नहीं जीते सिंदरी के हर एक समस्या में सबसे आगे रहे और यहां के लोगों के हक अधिकार दिलाने में लड़ाई लड़ते रहे l साथ ही आए हुए अनेकों महिला साथियों ने कहा कि इस बार हम लोग तीन तारा को वोट देंगे और हर एक क्षेत्र में जाकर चंद्रदेव महतो उर्फ बबलू दा को जीतने का प्रयास करेंगे क्योंकि अगर लाल झंडा के लोग यहां विधायक बनके आते हैं तो उनसे हम लोग सीधा संवाद कर सकते हैं उनके पास जाकर हक अधिकार का बात कर सकते हैं वह एक शिक्षित और सुलझे हुए व्यक्तित्व वाले इंसान है आज आने को साल से उनको हम लोग बहुत करीब से देखे हैं सुने हैं यहां के हर एक छोटे बड़े मुद्दे में हुए हमेशा अपना सक्रियता दिखाते हैं l मौके पर प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी ,उप प्रमुख आशा देवी, अविनाश महतो ,आनंद महिपाल, विभूति महतो ,रतन महतो, सुनील महतो ,आमोद बावरी ,बलदेव महतो, संजीव सेन ,राजा रवानी, जयपाल महतो ,शीतल दत्ता ,संजीत महतो ,चंदन भूमिहार, रंजीत महतो, पूर्व उप मुखिया जलहूं महतो , रीना देवी ,वार्ड सदस्य मंसूरी देवी ,रेखा देवी, रीना देवी मंजू देवी, विजय रजक सत्येंद्र महतो, संजय महतो ,मदन महतो ,देवाशीष पांडे, युधिष्ठिर महतो,कृष्णा दा ,विजय राम, धर्मेंद्र गोराई ,विजय मंडल, अनिल महतो ,रोहित महतो, अघनू महतो, मंजीत, सीमा देवी, आनंद लाल महतो रमेश महतो मनोज राय एवं अनेक संख्या में महिलाएं एवं युवा मौजूद थे l

मोदी युग में सशक्त होती भाजपा

सुरेश पचौरी-विनायक फ़ीचर्स

दैनिक शुभ भास्कर सुनील कुमार मिश्रा । भारतीय जनता पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में अपनी पहचान बना चुकी है। इस उपलब्धि के पीछे पार्टी के करोड़ों देवतुल्य कार्यकर्ताओं की मेहनत है। कोई भी संगठन, संस्था अथवा राजनैतिक दल प्रगति के सर्वोच्च शिखर को तभी छू सकते हैं, जब उनके सामने लक्ष्य और दिशा सुस्पष्ट हो। उसका कर्मपथ तदनुरूप निर्दिष्ट हो। उस दिशा में अग्रसर होने वाले समर्पित कार्यकर्ताओं का विशाल समूह साथ में हो। ऐसे कार्यकर्ता, जो राष्ट्र और समाज की बेहतरी के लिए कटिबद्ध हों तथा निःस्वार्थ सेवा व समर्थ राष्ट्र-निर्माण जिनका संकल्प हो। विश्व की सबसे विशाल सदस्य संख्या वाली भारतीय जनता पार्टी का उदाहरण हमारे सामने है। भाजपा पंचनिष्ठाओं पर आधारित पार्टी है। ये पंचनिष्ठाएं हैं- राष्ट्रवाद एवं राष्ट्रीय अखंडता, लोकतंत्र, सर्वधर्म समभाव, गांधीवादी समाजवाद तथा मूल्य आधारित राजनीति। भाजपा के लिए राष्ट्र सर्वोपरि है और वह सदैव राष्ट्रहित में काम करती है।भाजपा प्रत्येक देशवासी को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। भाजपा का विरोध सिर्फ अलगाववादियों एवं आतंकवादियों से है। उन देशद्रोहियों और षडयंत्रकारियों से है, जो राष्ट्रहित पर आघात करने के मंसूबे पालते है।

विश्व के अग्रणी नेता के रूप में प्रतिष्ठित प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के पांच दशक के सार्वजनिक और राजनैतिक जीवन में हमने लोकप्रियता की इस ऊँचांई पर किसी नेता का आरोहण होते हुए नहीं देखा है। भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान के प्रत्यक्ष अवलोकन से स्पष्ट है कि सदस्य संख्या के मान से भाजपा दुनिया के सबसे बड़े राजनैतिक दल की प्रतिष्ठा पहले ही अर्जित कर चुकी है। किसी संगठन और नेतृत्व का संकल्प जब जनता से जुड़ने, जन-जन से खुद को जोड़ने और अपने आचरण व कार्य व्यवहार से जनता के दिलों को जीत लेने का होता है तो कालांतर में उसका असर स्वयमेव दिखाई देता है। भाजपा ने अपनी नीतियों से संगठन के प्रति लोगों का भरोसा जगाया है। जनमानस में यह धारणा बनने लगी है कि भाजपा ही हमारी हितैषी पार्टी हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने तो अपना मंतव्य भी स्पष्ट कर रखा है- 'सबका साथ , सबका विकास , सबका विश्वास।' समाज का कोई भी वर्ग इससे अछूता नहीं। किसी के साथ पक्षपात नहीं। किसी के साथ भेदभाव नहीं। श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार द्वारा समाज के शोषित, वंचित, पीडित व सर्वहारा वर्ग के हितों में अनेक ऐतिहासिक एवं कल्याणकारी निर्णय लिए गए हैं। महिला सशक्तिकरण के साथ ही नौजवानों की बेहतरी के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सभी के लिए उत्तम स्वास्थ, शिक्षा एवं सामाजिक कल्याण के लिए प्रतिबद्धता दिखाई है। 'विकसित भारत' का सपना संजोये भारतीयों ने मोदी जी से प्रेरित होकर भाजपा के सदस्यता अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। संगठन पर्व 2024 के द्वितीय चरण में पार्टी एवं नेतृत्व के प्रति विश्वास व्यक्त करते हुए देश में अब तक नौ करोड़ से अधिक जिसमें मध्यप्रदेश में लगभग डेढ़ करोड़ लोग भारतीय जनता पार्टी के सदस्य के रूप में पंजीकृत हुए। यह उल्लेखनीय उपलब्धि भाजपा के देवतुल्य सजग कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत की वजह से मिल पाई है। भाजपा के केन्द्रीय नेताओं के मार्गदर्शन व मध्यप्रदेश के कर्मठ नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए कटिबद्ध है।

राष्ट्रनायकत्व का अभूतपूर्व प्रतिमान नरेन्द्र मोदीः इस मान्यता में कतई अतिशयोक्ति नहीं है कि श्री नरेन्द्र मोदी विश्व की पहली पंक्ति के नेताओं में शुमार हो चुके हैं। विश्वमंच पर उनकी बात ध्यान से सुनी जाती है। संकट-समाधान के लिए उनकी ओर आशा भरी नजरों से देखा जाता है। मोदी जी मूलतः संगठन के व्यक्ति हैं। वे बड़े गर्व से स्वयं को भारतीय जनता पार्टी का निष्ठावान कार्यकर्ता कहते हैं। यही बड़प्पन उन्हें बड़ा नेता बनाता है। पिछले 23 वर्षों से वे सत्ता के सूत्र संचालन कर रहे हैं। वे 13 वर्ष गुजरात के मुख्यमंत्री रहे और 10 वर्ष से भारत के सफल प्रधानमंत्री हैं। लोकतंत्र की एक आवश्यक शर्त महाकवि कालिदास की अमर कृति 'अभिज्ञान शाकुंतलम्' में मिलती है। कालिदास जी कहते हैं- 'अविश्रामोऽयं लोकतंत्राधिकारः।' अर्थात् लोकतंत्र के अधिकार में विश्राम नहीं। श्री नरेन्द्र मोदी ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जो केवल घोषणा करने और निर्णय लेने तक सीमित नहीं रहते बल्कि कार्यान्वयन के प्रत्येक चरण की मानीटरिंग और समीक्षा करते हैं। कमियों को दुरुस्त करवाते हैं। अच्छे काम करने वालों की हौसला अफजाई करते हैं। देश के किस राज्य के किस कोने में क्या नवाचार किया जा रहा है, उसकी समाज के लिए क्या उपादेयता है, इन सबको परखते हुए अपने अनूठे और अभूतपूर्व लोक संवाद 'मन की बात' में उसको रेखांकित करते हैं। मोदीजी ने 10 साल से चल रहे 'मन की बात' कार्यक्रम में हजारों देशवासियों को बेहतर करने की प्रेरणा दी है। भारतीय जनता पार्टी के असंख्य कार्यकर्ता अपने यशस्वी जननेता से प्रेरणा लेकर दोगुने उत्साह के साथ काम करते हैं। श्री नरेन्द्र मोदी जीवन के संघर्षों का सामना करते हुए आगे बढ़े हैं। उन्होंने जब राष्ट्र की बागडोर संभाली, तब गरीब, किसान, नौजवान तथा महिलाएं उनकी प्राथमिकता के केन्द्र बिन्दु बने। आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए निःशुल्क खाद्यान्न, किसानों के लिए सम्मान निधि, गरीबों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना और आयुष्मान चिकित्सा योजना इसके ज्वलंत प्रमाण हैं। प्रधानमंत्री जी हमेशा नये भारत की बात करते हैं। नया भारत कुछ वर्षों के बाद 'विकसित भारत' बनकर दुनिया का सिरमौर बने, इसके लिए आधारभूत संरचना को सुदृढ़ बनाना उनकी प्राथमिकता रही है। शिक्षा के क्षेत्र में तो अभूतपूर्व क्रांति हुई है। नई शिक्षा नीति ज्ञान को भारतीयता से जोड़ने की सार्थक पहल है। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के सर्वांगीण विकास के लिए जो सपना संजो रखा है, उसे पूरा करने के लिए उनके नेतृत्व में केन्द्र सरकार प्रतिबद्ध है। निःसंदेह, मोदी जी का हर पल, हर क्षण राष्ट्र के लिए समर्पित है और वे इसी संकल्प के साथ विश्व में देश का मान बढ़ाते हुए आगे बढ़ रहे हैं। (विनायक फ़ीचर्स)(लेखक भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री हैं)

खास खबर

कांग्रेस नेत्री अजंता कुमारी समद ने उमाकांत रजक के इंडिया गठबंधन में शामिल होने पर जताया अभार

दैनिक शुभ भास्कर, साजिद ब्यूरो चीफ,रांची,(झारखंड) बोकारो में कांग्रेस महिला जिला अध्यक्ष अजंता कुमारी समद ने पूर्व मंत्री उमाकांत रजक के झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल होने पर दिनांक 20 अक्टूबर 2024 को खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा, "उमाकांत रजक का यह निर्णय झारखंड के लोगों के लिए एक नई दिशा की ओर ले जाएगा।" अजंता कुमारी समद ने आगे कहा, "उमाकांत रजक की लड़ाकू नेतृत्व से झारखंड की जनता को लाभ होगा और राज्य का विकास होगा। उनका महागठबंधन में आना बोकारो की तस्वीर बदलेगा और गठबंधन को मजबूती प्रदान करेगा।" उन्होंने उमाकांत रजक के इस फैसले को झारखंड के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण बताया और कहा कि इससे आगामी चुनावों में नए समीकरण बन सकते हैं। अजंता कुमारी समद ने कहा, हमें विश्वास है कि उमाकांत रजक की नेतृत्व से झारखंड की जनता को लाभ होगा और राज्य का विकास होगा। उमाकांत रजक को अगर महागठबंधन प्रत्याशी बनाएगी तो इन्हें हर स्तर से मदद किया जाएगा।

संस्था के सक्रिय सदस्य शेखर प्रसाद ने बुजुर्ग मरीज के लिए किया रक्तदान

दैनिक शुभ भास्कर
शीतल दत्ता ,वरीय संवाददाता

धनबाद (झारखंड), 20 अक्टूबर 2024: धनबाद रेलवे अस्पताल में ईलाजरत 70 वर्षीय एक वृद्ध के लिए डॉक्टर के द्वारा ओ पॉजिटिव रक्त की व्यवस्था करने की बात मरीज के परिजन से कही गई क्योंकि मरीज के शरीर में हीमोग्लोबिन की मात्रा बहुत कम हो गई थी इस बात की सूचना घर वालों ने समर्पण एक नेक पहल संस्था के सदस्य तेतुलमारी निवासी रवि सिंह को दिया उन्होंने बिना समय व्यर्थ किए संस्था के सक्रिय सदस्य नियमित रक्त दाता तेतुलमारी निवासी शेखर प्रसाद साव को रक्तदान करने का किया श्री साव रक्तदान करने के लिए तुरंत तैयार हो गए और कुछ ही देर बाद रवि सिंह के साथ धनबाद के श्रीनिवास ब्लड सेंटर पहुंचकर रक्तदान किया और एक वृद्ध को जीवनदान देने के लिए अपनी अहम भूमिका निभाई l संस्था के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष दिपेश चौहान ने बताया कि रवि जी एवं शेखर जी दोनों के दिल में जरूरतमंद लोगों की सेवा करने की भावना भरी पड़ी हैं जब भी इन्हें मौका मिलता हैं तब ये उनकी अपनी ओर से यथाशक्ति मदद करते हैं l

पूर्व पार्षद रणविजय महतो का निधन से धनबाद में शोक का लहर

अंतिम संस्कार शाम 5:00 बजे महलबनी घाट में किया गया

दैनिक शुभ भास्कर
शीतल दत्ता ,वरीय संवाददाता

धनबाद झारखंड 20 अक्टूबर 2024 : धनबाद के मनईटॉड़ बस्ती के समाजसेवी पार्षद पति एवं पूर्व पार्षद वार्ड नंबर 30 का रणविजय महतो उर्फ पतरु (43 साल) का आज सुबह 9:00 बजे हृदय गति रूकने से निधन हो गया,वह पिछले कुछ सालों थोड़ा अस्वस्थ चल रहे थे, क्षेत्र में उनका जनता के बीच अच्छा पकड़ था,और उन्होंने बहुत सारे विकास कार्य किए हैं, उनके पिता स्वर्गीय गोपाल महतो वार्ड आयुक्त थे,और पत्नी नीवर्तमान पार्षद हे,उनका एक बेटा एक बेटी है, तीन भाइयों में पतरू सबसे बड़ा थे,पुरा ,उनका निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है,उनका अंतिम दर्शन में श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे नीवर्तमान मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल, झामुमो के बलराम महतो, जग्गू महतो ,राणा चट्टराज, कांग्रेस नेता रवींद्र वर्मा, कुंभनाथ सिंह,जय लाल महतो,गणेश महतो मुखिया सुनील महतो, प्रभास पाल, रॉकी लाला,शीतल दत्ता, अभिनाष महतो,दिनेश महतो, कुमार कौशल आदि l रणविजय महतो का निधन का खबर पाकर जिला से बाहर रहे विधायक मथुरा महतो, पूर्व विधायक अरूप चटर्जी, भाकपा-माले राज्य कमेटी सदस्य चंद्रदेव महतो,हरिप्रसाद पप्पू ने दूरभाष पर शोक व्यक्त किया l

भाजपा ने की उम्मीदवारों की घोषणा, रूपा देवी ने बिरंची नारायण की जीत के लिए किया समर्थन का एलान

दैनिक शुभ भास्कर, ब्यूरो चीफ,बोकारो,(झारखंड) भारतीय जनता पार्टी ने बोकारो जिले की चार में से तीन विधानसभा सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर दी है, जिसमें बोकारो से वर्तमान विधायक बिरंची नारायण और चंदनकियारी से विधायक व नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी तीसरी बार चुनाव मैदान में अपना भाग्य आजमाएंगे। बेरमो से गिरिडीह संसदीय सीट से लगातार पांच बार सांसद रहे रविंद्र पांडेय को टिकट दिया है, जबकि गोमिया सीट आजसू के खाते में चली गई है और गोमिया विधायक लंबोदर महतो आजसू की टिकट से चुनाव लड़ेंगे। बिरंची नारायण ने 2014 में बोकारो विधानसभा सीट से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़कर विधानसभा में प्रवेश किया था। उन्होंने अपने पहले चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार स्व. समरेश सिंह को 72,623 वोटों से हराया था। 2019 के चुनाव में, बिरंची नारायण को 112,333 वोट मिले, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी श्वेता सिंह को 99,020 वोट मिले थे। उन्हें महज 13,000 वोटों से जीत घोषित किया गया था। ऋतुडी की पूर्व मुखिया और बोकारो की समाजसेविका रूपा देवी ने बिरेंची नारायण के टिकट फाइनल होने पर खुशी व्यक्त की और कहा कि भारतीय जनता पार्टी महिला सशक्तिकरण पर कार्य करती है। उन्होंने कहा कि वे महिलाओं की जीत के लिए कार्य करेंगी। विधायक की धर्मपत्नी में भव्य स्वागत किया है। इस सीट पर कांग्रेस की ओर से अभी तक किसी प्रत्याशी की घोषणा नहीं हुई है।

विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

बरहरवा। आने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर आपराधिक पृष्ठभूमि के लोगों पर नकेल कसने हेतु लेकर बरहरवा थाना पुलिस अब काफी रेस हो गई है| रविवार को थाना पुलिस ने पश्चिम बंगाल की सीमा से लगते महापुर स्थित अंतर राज्यीय चेतनाका में बारीकी से वाहनों की जांच की| जांच के दौरान पुलिस को भले ही कोई आपत्तिजनक सामग्री हाथ ना लगी हो पर बगैर कागजात के वाहन चालकों में चेकिंग को लेकर हड़कंप मच गया है|जानकारी मिली है कि, उपरोक्त चेक नाका में दिनभर बरहरवा थाना के सब इंस्पेक्टर सीदाम रविदास के नेतृत्व में बाइक ,स्कॉर्पियो, एवं अन्य छोटे बड़े सवारी गाड़ियों की बारीकी से जांच की गई| बता दें कि विधानसभा चुनाव को लेकर कोटलपोखर थाना क्षेत्र के जीवनपुर तथा रहीम टंडन, तथा बरहरवा थाना क्षेत्र में बेहबतपुर, फरीदपुर ,फुटानीमोड, सहित दोनों थाना मिलकर बंगाल की सीमा पर कुल 6 जगह पर बेरीकेटिंग लगाया गया है|वाहन जांच के दौरान दंडाधिकारी के रूप में जिला प्रशासन द्वारा प्रतिनियुक्ति रोजगार सेवक अमीरुल इस्लाम तथा सुल्तान अहमद भी मौजूद थे|इन लोगों ने बताया कि जांच के दौरान किसी प्रकार के कोई आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं हुई है|

पुलिस बल एवं युवा समिति ने मिलकर नया टोला गांव में वाहन जांच अभियान चलाया

बरहरवा। रविवार को बरहरवा थाना अंतर्गत नया टोला में सभी पुलिसकर्मी के सम्मान में बड़हरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह, थाना पुलिस बल एवं नया टोला युवा समिति के साथ मिलकर विषेश वाहन जांच अभियान चलाया गया, इस दौरान हेलमेट, सिट बेल्ट, प्रदुषण कागज, इंसोरेंस, लाइसेंस, जांच के साथ साथ लोगों को वाहन सुरक्षा हेतु जागरूक करने के लिए बिना हेलमेट, सिट बेल्ट के पाए जाने पर फूल माला ,गुलाब एवं एक बैनर के साथ फोटो खींच कर सुरक्षा हेतु चेतावनी दी गई।नया टोला युवा समिति के मुख्य सदस्य गौरव झा और सूरज कुमार सिंह ने बताया कि यह अभियान 21 अक्टूबर को मनाए जाने वाले पुलिस स्मरण दिवस के उपलक्ष्य में समस्त पुलिस कर्मियों को समर्पित है, अभियान का मुख्य उद्देश्य आम लोगों को सड़क दुर्घटना से बचने के लिए उनको जागरूक करना है, इस अभियान में मुख्य रूप से बरहरवा थाना प्रभारी, सुमित कुमार सिंह, एसआई सुदामा सिंह सह अन्य पुलिसकर्मियों के साथ नया टोला युवा समिति के सदस्य सुजीत कुमार महतो, विजय यादव, ऋषभ कुमार, शिवम् कुमार राजेश कुमार आदि मौजूद थे।

विधानसभा चुनाव को देखते हुए बोरियो पुलिस ने अवैध महुआ शराब पर चला डंटा

साहिबगंज। बोरियो थाना पुलिस ने विधानसभा चुनाव को देखते हुए अवैध जावा महुआ शराब के खिलाफ बोरियो पुलिस पुलिस रेस हो गयी है। थाना प्रभारी पंकज वर्मा के नेतृत्व में जगह-जगह छापेमारी कर जावा महुआ व शराब नष्ट किया जा रहा है। थाना क्षेत्र अतंर्गत बांझी संथाली में छापामारी किया गया है जिसमें करीब 100 लीटर जावा महुआ को नष्ट किया गया एवं करीब 15 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया है। इससे अवैध धंधेबाजों में हड़कंप है। पुलिस ने शुक्रवार मध्यरात्रि पुलिस ने छापेमारी की छापेमारी में कमरे में जार में मिट्टी के बर्तन में महुआ डालकर उसे रखा गया था। सभी जार को घर से बाहर निकालकर पुलिस ने नष्ट कर दिया और पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। वरीय अधिकारी के निर्देश पर छापेमारी जारी रहेगी ताकि विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सके। इस मौके पर बोरियो थाना प्रभारी पंकज वर्मा सहित अन्य सशस्त्र बल मौजूद थे।

एक सप्ताह के बाद काम पर लौटे 108 एंबुलेंस कर्मी, मरीजो को राहत

साहिबगंज। बीते सात दिनों से अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर चल रहे 108 एंबुलेंस कर्मी अब काम पर लौट गए। रविवार से मरीजो को निशुल्क 108 एंबुलेंस सेवा का लाभ मिलना शुरू हो गया। इससे गरीब तबके लोगो ने राहत की सांस ली है। दरअसल वेतन का भुकतान समेत अन्य मांगों को लेकर बीते 14 अक्टूबर की रात आठ बजे से 108 एंबुलेंस के सभी कर्मी अनिश्चितता कालीन हड़ताल पर चले गए थे। इससे निशुल्क एंबुलेंस सेवा पूरी तरह ठप हो गया था। मरीजो की परेशानी बढ़ गई थी। हालांकि अधिकारियों की सहयोग मांग पूरा होने पर 108 एंबुलेंस कर्मी का हड़ताल समाप्त हो गया है। अब सामान्य रूप से 108 एंबुलेंस सेवा चलने लगी है।

विधानसभा चुनाव को लेकर ठहराव क्लस्टर का निरीक्षण करते एसएसबी के कमांडर और एसडीपीओ

मंडरो। झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर जिले के एवं प्रखंड क्षेत्र के सभी पदाधिकारी अपनी अपनी जिम्मेदारी व कार्यों को दुरुस्त करने में जुटी हुई है, जिसमें रविवार को एसएसबी के कमानडेंड एसएस चौहान, साहिबगंज एसडीपीओ किशोर तिर्की ,राजमहल एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी और मिर्जाचौकी थाना प्रभारी रुपेश कुमार के द्वारा मिर्जाचौकी में स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय एवं हाट परिसर स्थित धर्मशाला प्रांगण में चुनाव को लेकर आने वाले फोर्स को ठहरने को लेकर ऑफीसरों के द्वारा निरीक्षण किया गया, इस निरीक्षण के दौरान क्लस्टर परिसर में शौचालय बिजली पानी पंखा आदि की सुविधाओं की जानकारी भी ली गई, जबकि जीन क्लस्टर में इन सुविधाओं की कमी रहेगी उन्हें जल्द से जल्द दुरुस्त करने का निर्देश भी दी गई। मौके पर मिर्जाचौकी थाना प्रभारी रुपेश कुमार सहित कई पुलिस बल मौजूद थे।

चुनाव के मद्देनजर अंतर्राज्यीय सीमा पर बढ़ाई गई चौकसी

उधवा। राधानगर थाना क्षेत्र के अधीन आने वाले बंगाल व झारखंड के सीमावर्ती क्षेत्रों में राधानगर पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी है। जानकारी के अनुसार राधानगर थाना क्षेत्र के राधानगर,शिवानीपुर व प्राणपुर (पलाशगाछी) फेरीघाट में अस्थाई चेकनाका बनाया गया है। प्राणपुर फेरीघाट होकर लोग नाव के माध्यम से पंचानंदपुर के रास्ते पश्चिम बंगाल के मालदा जिला व झारखंड आना जाना करते हैं। जबकि राधानगर सिरासीन के रास्ते फरक्का होकर पश्चिम बंगाल आना जाना करते है।

इन सीमावर्ती क्षेत्रों में चौकसी के लिए राधानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत राधानगर हाईस्कूल के समीप चेकनाका तथा प्राणपुर फेरीघाट चेकनाका में रविवार को दण्डाधिकारी व राधानगर पुलिस के द्वारा संयुक्त रूप से वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें दो,तीन व चार पहिया वाहनों को बारी-बारी से रोककर वाहन तथा डिक्की की जांच की गई। मौके पर दण्डाधिकारी सद्दाम हुसैन,अब्दुल हन्नान,राधानगर थाना के एएसआई मनोज मालवीय,विनय कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

मशहूर होमियोपैथी चिकित्सक सूर्यानंद वियतनाम रवाना, इंटरनेशनल कांफ्रेंस में करेंगे शिरकत

साहिबगंज। शहर के मशहूर होमियोपैथी चिकित्सक डॉ सूर्यानंद प्रसाद सोमवार को कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस हवाई अड्डे से वियतनाम के लिए रवाना होंगे। डॉ सूर्यानंद जर्मन होमियो केयर फार्मास्यूटिकल्स के तत्वाधान में वियतनाम के राजधानी हनोई में आयोजित 5 दिवसीय इंटरनेशनल कांफ्रेंस में शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि कॉन्फ्रेंस का मुख्य उद्देश्य विश्व में होमियोपैथी चिकित्सा के चरणबद्ध तरीके से विकास और उसकी चिकित्सा पद्धति में वैज्ञानिक बदलाव लाना है। कहा कि समय के साथ लोगों की जीवन शैली में आ रहे बदलाव से बीमारियों का स्वरूप भी बदल रहा है। यही कारण है कि होमियोपैथी चिकित्सकीय संसार का भी नई शोध व आवश्यकताओं की ओर ध्यान आकर्षित किया है। आने वाले दिनों में चैलेंजे बढ़ते जा रहे हैं। बढ़ती जटिलताओं के बीच होमियोपैथी को जन-जन तक पहुंचाने की कोशिश है। इसी को लेकर कांफ्रेंस में झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश और दिल्ली के चिकित्सक अपना मंतव्य रखेंगे।

चुनाव प्रणाली की साख पर तो सवाल

गंभीर सवाल पर अगंभीर नजरिया अनुचित है। इससे चुनाव प्रणाली की साख पर तो सवाल उठेंगे ही, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव से संबंधित व्यापक प्रश्नों को भी क्षति पहुंचेगी। बेहतर होगा कि पार्टी हरियाणा में अपनी रणनीति और संगठन की खामियों पर ध्यान दे। कांग्रेस के राजधानी स्थित प्रवक्ताओं ने हरियाणा के चुनाव नतीजों को अस्वीकार कर दिया है। भाजपा की जीत के बाद जयराम रमेश और पवन खेड़ा ने कहा कि यह हेरफेर के जरिए हासिल की गई जीत है। मगर हरियाणा में पार्टी दो दिग्गज नेताओं- भूपिंदर सिंह हुड्डा और कुमारी शैलजा ने कांग्रेस की हार को स्वीकार किया है। हुड्डा ने कहा है कि विरोध जताते हुए वे इसे स्वीकार कर रहे हैं, जबकि शैलजा ने हार का पूरा ठीकरा प्रदेश इकाई के सिर फोड़ा है। उधर कर्नाटक के प्रमुख कांग्रेस नेता डीके शिवकुमार ने भी हरियाणा के जनादेश को स्वीकार किया है। इसलिए भ्रम पैदा हुआ है कि हरियाणा के चुनाव परिणाम पर पार्टी की असल राय क्या है? निर्विवाद है कि भारत में चुनाव भले स्वतंत्र हों, लेकिन निष्पक्ष नहीं हो रहे हैं। पैसा, प्रचार तंत्र, और निर्वाचन आयोग जैसी निर्णायक संस्थाओं के एक पार्टी की तरफ पूरे झुकाव ने प्रतिस्पर्धा का समान धरातल नहीं रहने दिया है। लोकसभा चुनाव के बाद वोट फॉर डेमोक्रेसी नामक एक एनजीओ ने अपनी अध्ययन रिपोर्ट में दावा किया कि जिन 240 सीटों पर भाजपा जीती, उनमें से 79 पर अंतर उन वोटों से पड़ा, जिन्हें मतदान के दिन के बाद निर्वाचन आयोग ने बढ़ाकर बताया था। मगर कांग्रेस पार्टी ने ऐसे सवालों को कभी-कभार ही उठाया है। उसने कभी इसे पूरी शिद्दत से नहीं उठाया, ना ही इनको लेकर कभी सुसंगत एवं निरंतर जन अभियान चलाया है। अभी भी ऐसा नहीं लगता कि इस मुद्दे पर पार्टी के अंदर कोई गंभीर विचार-विमर्श हुआ है या उसका इरादा इसे जनता के बीच ले जाने का है। गंभीर सवाल पर अगंभीर नजरिया अनुचित है। इससे चुनाव प्रणाली की साख पर तो सवाल उठेंगे ही, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव से संबंधित व्यापक प्रश्नों को भी क्षति पहुंचेगी। इसके विपरीत बेहतर होगा कि पार्टी हरियाणा में अपनी रणनीति और संगठन की खामियों पर विचार करे। सोशल मीडिया पर सियासत करने के बजाय जमीनी राजनीति पर ध्यान देना बेहतर होगा। सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर्स की बनाई धारणा पर यकीन कर लेने के बजाय धरातल से फीडबैक का अपना सिस्टम बनाना सही नजरिया होगा।

दलित वोट बहुत निर्णायक

हरियाणा ने हवा बदल दी है। लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद कहा जा रहा था कि चार राज्यों का विधानसभा चुनाव डन डील है। यानी चारों राज्यों में भाजपा हारेगी और कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन 'इंडिया की जीत होगी। हर राजनीतिक विश्लेषक और चुनाव रणनीतिकार दावा कर रहा था। कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियों के नेता भी यही मान रहे थे। जम्मू कश्मीर व हरियाणा के मतदान के बाद आए एक्जिट पोल के नतीजे भी इसी भावना के अनुरूप थे। लेकिन नतीजों ने सब कुछ बदल दिया। हरियाणा में तमाम अनुमानों के उलट भाजपा ने बहुत बड़ी जीत दर्ज की। उसके वोट प्रतिशत में 2014 के मुकाबले सात फीसदी और 2019 के मुकाबले करीब चार फीसदी की बढ़ोतरी हुई और उसने 2014 से भी ज्यादा सीटें जीतीं। जम्मू कश्मीर में नतीजा भाजपा के मनमाफिक नहीं रहा लेकिन उसका वोट शेयर और सीटें दोनों में बढ़ोतरी हुई। इन दोनों नतीजों के बाद भाजपा को लेकर सारी धारणा बदल गई है। हरियाणा में भाजपा ने दिखाया है कि नतीजे लोकप्रिय अनुमानों के अनुरूप आएं, ऐसा जरूरी नहीं है। आखिरी सांस तक लड़ कर और सारे दांवपेंच आजमा कर चुनाव जीता जा सकता है। इसके लिए 'स्ट्रेटेजिक और 'टैक्टिकल दोनों उपाय आजमाने की जरुरत होती है, जो हरियाणा और जम्मू कश्मीर में भाजपा ने आजमाए। तभी अब महाराष्ट्र और झारखंड का चुनाव पूरी तरह से खुल गया है। लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र में जिस तरह से कांग्रेस, उद्धव ठाकरे और शरद पवार की पार्टी ने प्रदर्शन किया उससे लग रहा था कि विधानसभा चुनाव में मुकाबला एकतरफा होगा। इसी तरह झारखंड में भी जैसे भाजपा की सीटें कम हुईं और वह आदिवासियों के लिए आरक्षित सभी सीटें हार गई उससे भी यह धारणा बनी कि सत्तारूढ़ जेएमएम, कांग्रेस और राजद गठबंधन के लिए मुकाबला बहुत आसान होगा। लेकिन चुनाव की घोषणा तक आते आते दोनों राज्यों में यह धारणा बदल गई है। अब कहीं भी एकतरफा मुकाबले की बात नहीं हो रही है। यहां तक कि चुनाव की घोषणा से एक दिन पहले सोमवार, 14 अक्टूबर को मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने महाराष्ट्र कांग्रेस के नेताओं के साथ बैठक की तो राहुल ने प्रदेश के नेताओं से एक ही बात कही कि, देखिएगा कहीं महाराष्ट्र हरियाणा न हो जाए। सोचें, इस जुमले पर। हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक जुमला बोला था। उन्होंने कहा था कि हरियाणा कांग्रेस के लिए मध्य प्रदेश होने जा रहा है।

दाम्पत्य जीवन में समर्पण का अनूठा पर्व है करवा चौथ

योगेश कुमार गोयल

करवा चौथ पर्व का हमारे देश में विशेष महत्व है क्योंकि विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए पूरे दिन व्रत रखती हैं और रात को चांद देखकर पति के हाथ से जल पीकर व्रत खोलती हैं। भारतीय समाज में वैसे तो महिलाएं विभिन्न अवसरों पर अनेक व्रत रखती हैं लेकिन पति को परमेश्वर मानने वाली नारी के लिए इन सभी व्रतों में सबसे अहम स्थान रखता है 'करवा चौथ' व्रत, जो इस वर्ष 20 अक्तूबर को मनाया जा रहा है। पति की दीर्घायु, स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि, ऐश्वर्य तथा सौभाग्य के साथ-साथ जीवन के हर क्षेत्र में उसकी सफलता की कामना से सुहागिन महिलाओं द्वारा कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को रखा जाने वाला यह व्रत अन्य सभी व्रतों से कठिन माना जाता है, जो सुहागिनों का सबसे बड़ा व्रत एवं त्यौहार है। महिलाएं अन्न-जल ग्रहण किए बिना अपार श्रद्धा के साथ यह व्रत रखती हैं तथा रात्रि को चन्द्रमा के दर्शन करके अर्ध्य देने के बाद ही व्रत खोलती हैं। यही वजह है कि अखण्ड सुहाग का प्रतीक यह व्रत अन्य सभी व्रतों के मुकाबले काफी कठिन माना जाता है। कहा जाता है कि इस व्रत के समान सौभाग्यदायक अन्य कोई व्रत नहीं है और सुहागिनें यह व्रत 12-16 वर्ष तक हर साल निरन्तर करती हैं, उसके बाद वे चाहें तो इसका उद्यापन कर सकती हैं अन्यथा आजीवन भी यह व्रत कर सकती हैं। आजकल तो कुछ पुरूष भी पूरे दिन का उपवास रखकर पत्नी के इस कठिन तप में उनके सहभागी बनते हैं। दिनभर उपवास करने के बाद शाम को सुहागिनें करवा की कथा सुनती व कहती हैं तथा चन्द्रोदय के बाद चन्द्रमा को अर्ध्य देकर अपने सुहाग की दीर्घायु की कामना कर प्रण करती हैं कि वे जीवन पर्यन्त अपने पति के प्रति तन, मन, वचन एवं कर्म से समर्पित रहेंगी। पूजा-पाठ के बाद सुहागिनें अपनी सास के चरण स्पर्श कर उनसे सौभाग्यवती होने का आशीर्वाद प्राप्त करती हैं। करवा चौथ पर्व के संबंध में वैसे तो कई कथाएं प्रचलित हैं लेकिन सभी कथाओं का सार पति की दीर्घायु और सौभाग्यवृद्धि से ही जुड़ा है। विभिन्न पौराणिक कथाओं के अनुसार 'करवा चौथ' व्रत का उद्गम उस समय हुआ था, जब देवों व दानवों के बीच भयंकर युद्ध चल रहा था और युद्ध में देवता परास्त होते नजर आ रहे थे। तब देवताओं ने ब्रह्माजी से इसका कोई उपाय करने की प्रार्थना की और ब्रह्मा जी ने उन्हें सलाह दी कि अगर सभी देवों की पत्नियां सच्चे एवं पवित्र हृदय से अपने पति की जीत के लिए प्रार्थना एवं उपवास करें तो देवता दैत्यों को परास्त करने में अवश्य सफल होंगे। ब्रह्मा जी की सलाह पर समस्त देव पत्नियों ने कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को यह व्रत किया और रात्रि के समय चन्द्रोदय से पहले ही देवता दैत्यों से युद्ध जीत गए। तब चन्द्रोदय के पश्चात् दिनभर की भूखी-प्यासी देव पत्नियों ने अपना-अपना व्रत खोला। ऐसी मान्यता है कि तभी से इसी दिन करवा चौथ का व्रत किए जाने की

परम्परा शुरू हुई। करवा चौथ के व्रत के संबंध में अनेक प्रचलित कथाओं में से एक महाभारत काल से जुड़ी है। कहा जाता है कि एक बार धनुर्धारी अर्जुन तप करने के उद्देश्य से नीलगिरी पर्वत पर गए तो द्रोपदी बहुत चिंतित हुई। उसने विचार किया कि यहां हर समय कोई न कोई संकट आता ही रहता है, इसलिए अर्जुन की अनुपस्थिति में इन संकटों से बचने के लिए क्या उपाय किया जाए? तब द्रोपदी ने भगवान श्रीकृष्ण का स्मरण किया और श्रीकृष्ण को अपने मन की व्यथा बताई। द्रोपदी की बात सुनकर भगवान श्रीकृष्ण ने कहा कि पार्वती देवी ने भी एक बार भगवान शिव से बिल्कुल यही प्रश्न किया था और तब भगवान शिव ने उन्हें कहा था कि करवा चौथ का व्रत गृहस्थी में आने वाली तमाम छोटी-बड़ी बाधाओं को दूर करता है। द्रोपदी ने श्रीकृष्ण से करवा चौथ के व्रत के संबंध में विस्तार से बताने का आग्रह किया तो श्रीकृष्ण ने द्रोपदी को इस व्रत के महत्व को दर्शाती कथा सुनानी आरंभ की। भगवान श्रीकृष्ण ने बताया कि इन्द्रप्रस्थ नगरी में वेद नामक एक धर्मपरायण ब्राह्मण के सात पुत्र व एक पुत्री थी। विवाह के बाद जब पुत्री पहली करवा चौथ पर मायके आई तो उसने मायके में ही करवा चौथ का व्रत रखा लेकिन चन्द्रोदय से पूर्व ही उसे भूख सताने लगी तो अपनी लाड़ली बहन की यह वेदना भाईयों से देखी न गई। उन्होंने बहन से व्रत खोलने का आग्रह किया पर वह इसके लिए तैयार न हुई। तब भाईयों ने मिलकर एक योजना बनाई। उन्होंने एक पीपल के वृक्ष की ओट में प्रकाश करके बहन को कहा कि देखो चन्द्रमा निकल आया है। बहन भोली थी, इसलिए भाईयों की बात पर विश्वास करके उसने उस प्रकाश को ही चन्द्रमा मानकर उसे ही अर्ध्य देकर व्रत खोल लिया लेकिन जब अगले दिन वह ससुराल पहुंची तो पति को बहुत बीमार पाया। दिन ब दिन पति की बीमारी बढ़ती गई और सारी जमा पूंजी पति की बीमारी में ही लग गई तो उसने मंदिर में जाकर गणेश जी की स्तुति करनी शुरू की।

उसकी प्रार्थना पर प्रसन्न होकर गणेश ने उसके समक्ष प्रकट होकर कहा कि तुमने करवा चौथ का व्रत पूरे विधि विधान से नहीं किया, इसीलिए तुम्हारे पति की यह दशा हुई है। यदि तुम यह व्रत पूरे विधि विधान एवं निष्ठा के साथ करो तो तुम्हारा पति पूरी तरह ठीक हो जाएगा। उसके बाद उसने करवा चौथ का व्रत पूरे विधि विधान के साथ किया और इसके प्रभाव से उसका पति ठीक हो गया। यह कथा सुनाने के बाद भगवान श्रीकृष्ण ने द्रोपदी से कहा कि यदि तुम भी इसी प्रकार विधिपूर्वक सच्चे मन से करवा चौथ का व्रत करो तो तुम्हारे समस्त संकट अपने आप दूर हो जाएंगे। तब द्रोपदी ने करवा चौथ का व्रत रखा और उसके व्रत के प्रभाव से महाभारत के युद्ध में पांडवों की विजय हुई। अतः करवा चौथ के व्रत के उद्गम को इस प्रसंग से भी जोड़कर देखा जाता है और कहा जाता है कि इसी के बाद सुहागिनें 'करवा चौथ' व्रत रखने लगी। इस पर्व से संबंधित और भी कई कथाएं प्रचलित हैं, जिनमें सत्यवान और सावित्री की कहानी तथा करवा नामक एक धोबिन की कहानी भी बहुत प्रसिद्ध हैं। इस पर्व की शुरूआत एक बहुत अच्छे विचार पर आधारित थी मगर समय के साथ इस पर्व का मूल विचार और परिदृश्य बदल रहा है। पौराणिक कथाओं के अनुसार इस व्रत का फल तभी है, जब यह व्रत करने वाली महिला भूलवश भी झूठ, कपट, निंदा, अभिमान न करे। इस व्रत से जहां पति के प्रति पत्नी की निष्ठा एवं समर्पण भाव परिलक्षित होता है, वहीं यह पर्व दाम्पत्य जीवन में आपसी विश्वास और भरोसे को मजबूत करने तथा संबंधों में मधुरता घोलने का त्यौहार है। सही मायने में करवा चौथ दाम्पत्य जीवन में एक-दूसरे के प्रति समर्पण का अनूठा पर्व है।

यदि मनुष्य है तो ईमानदारी से सोचे

हरिशंकर व्यास

ईमानदारी से सोचे, यदि मनुष्य है तो जरूर सोचे। हम क्या होते हुए है? क्या ईमानदारी, सदाचारी, सत्यवादी, विन्रम, संतोषी, विश्वासी और प्रेम व करूणा, अंहिसा के सनातनी व्यापक धर्म की नैतिक मंजिले पाते हुए है या भ्रष्ट-बेईमान, झूठे, अंहकारी, भूखे, अविश्वासी, घृणा-नफरत, हिंसा से मन-मष्तिष्क, चित्त-वृति को भरते हुए है? मेरा मानना है हम बतौर नागरिक, समाज, धर्म व राष्ट्र उन वृतियों, प्रवृतियों, मन और व्यवहार में वे अवगुण धारते हुए है जिसकी कल्पना कलियुग के सर्वाधिक बुरे समय में भी नहीं थी। निश्चित ही किसी कौम और धर्म का नैतिक पतन देश-काल की आबोहवा की लीला से है। लेकिन हम भारतीयों की समस्या यह है कि हम पहले से ही कलियुग की जिंदगी जी रहे है तो और कितने कलियुगी बनेंगे? कितने और भ्रष्टाचारी, दुराचारी, अंहकारी, झूठे, अविश्वासी, नफरती बनेंगे? व्यक्ति, घर-परिवार, कुनबे, खांप, जात-पात, राजनीति, समाज के वेयक्तिक तथा सामुदायिक व्यवहार में यदि 'घृणा ही परमो जीवन धर्म बना तो अपना बनना कैसा होगा? कैसा तो विकसित भारत होगा? कैसे एक भारत, श्रेष्ठ भारत जैसी जुमलेबाजी कोई शक्ल लेगी? घृणा का जन्म प्रतिक्रिया में होता है। वह आंशका, असुरक्षा, ईर्ष्या और भूख से हवा पाती है और मंद-कुंद बुद्धी से पोषित होती है। दुनिया की दूसरी नस्लों में भी घृणा का जीवन व्यवहार है। लेकिन हम हिंदुओं की समाज रचना में ऐसे असंख्य कारण है जिससे पग, पग पर, घर-घर में भूख, ईर्ष्या, असुरक्षा इस अनुपात में बढ़ते हुए है कि जहां चुनाव-राजनीति में घृणा है वही सामाजिक रिश्तों में जलन और नफरत है। वेयक्तिक रिश्तों की असुरक्षाओं से घृणा के अलग नए रूप है। कानून-व्यवस्था, नैरेटिव, बुद्धी सब नफरत में दौड़ती हुई है। इसलिए कटु सत्य है कि 1947 के बाद, विकास की कथित सीढियों के हर मुकाम पर भारत का इस नाते पतन है क्योंकि हर सीढ़ी पर भारतीय दिल-दिमाग भ्रष्ट बना है। लोगों की एक दूसरे की समझ में यह हाल है कि कमोबेस हर व्यक्ति सामने वाले का चेहरा व नाम सुन, उसकी जात, उसके धर्म, उसके व्यवहार, स्वभाव में या तो खतरा बूझता है, ईर्ष्या करता है या उसे लूटने-ठगने की तिकड़म बनाता है और नकली व झूठा व्यवहार बनाता है। हां, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर किसी गांव-गली का कोई पंच-सरपंच जब सामने दूसरे को बूझता है तो ऐसा सहज-सरल मनुष्य स्वभाव में नहीं होता है। बल्कि वह सामने वाले को इस नजर से तौलता है कि इससे मेरा क्या? यह किस जात का, किस धर्म का? मेरे लिए ठिक या बुरा? मुझे चाहने वाला या मेरे से नफरत करने वाला? मेरा वोट है या दुश्मन का? मेरी पार्टी या दुश्मन की पार्टी? मेरी जात का या फंला जात का? पैसे वाला या गरीब? और लोगों का इस तरह तौलते हुए भारत के समाज, भारत की इकोनोमी, बाजार, राजनीति, अदालत, हर तरह की व्यवस्था में वह व्यवहार है जिसमें एक-दूसरे पर विश्वास कम है अविश्वास अधिक। एक-दूसरे के प्रति इंसानियत का व्यवहार कम है और नफरत व बदनियती अधिक है। एक-दूसरे की सेवा कम है और लूट अधिक। भलाई कम है बुराई और स्वार्थ अधिक। ऐकलखोरापना अधिक है और दूसरे की चिंता कम है। 'मैं अंहम है और 'हम का दिखावा है!

यह सब क्यों- इसलिए क्योंकि भारत के हम लोग दिमागी तौर पर विकृत हो रहे है। आजादी के बाद का हमारा कुल सफर नैतिक गिरावट का है। और भारत के लिए इक्कीसवीं सदी गिरावट की पाताल भूमि है। वजह राजनीति है। पहले जात की राजनीति फिर धर्म की राजनीति ने हम हिंदुओं में छीनाझपटी का वह संस्कार, स्वभाव पैंठाया है जिसमें मूल्यवत्ता, नैतिकता, काबलियत, चाल, चेहरे, चरित्र का कोई मान नहीं रहा। अब हर व्यक्ति, हर जाति, हर धर्म, अपनी भूख, ईर्ष्या, असुरक्षा में घृणा के इतने रूप धारे हुए है कि ओर- छोर नहीं मिलेगा। निश्चित ही 'घृणा में दुनिया की बाकि सभ्यताएं भी है। लेकिन हिंदुओं और बाकि धर्मों, सभ्यताओं का फर्क यह है कि हमने आजादी के बाद असमानताओं को नए आकार, नए लेवल दिए है। बाकि दुनिया में यदि रंगभेद, नस्ल भेद, वर्गभेद, धर्म भेद जैसी सर्वव्यापी असमानताएं है वहीं हम हिंदुओं की ऐसी कुछ यूनिक खूबियां है जिसमें इस राजनीति से मुक्ति संभव हीं नहीं है कि दलित और जाट में नफरत नहीं फैलाई जाए। फारवर्ड बनाम बेकवर्ड आपस में लड़े नहीं। फारवर्ड में ब्राह्मण बनाम राजपूत भिड़े नहीं। वैसे ही बेकवर्ड में भी महाबेकवर्ड, दलितों में भी महादलित तो जयश्री राम बनाम महाकाली, मराठा बनाम गुजराती, उत्तर बनाम दक्षिण, हिंदू बनाम सिख आदि, आदि की असमानताओं में बस चिंगारी भर भडकानी है लोग अपने आप या तो घृणा में सड़क पर उतर आएंगे या वोट की कतार में लग जातियों, चेहरों के खिलाफ नफरत में वोट डालेंगे। कोई भी काम बुद्धी, विवेक, सत्य, ईमानदारी, काबलियत की कसौटी में अब नहीं है। हर काम, हर फैसला इस स्वार्थ, इस घृणा, इस बदले और इस ख्यास में है कि प्रतिस्पर्धी दुश्मन है, घृणित है। सोचे, राजनीति में नरेंद्र मोदी अपने किस प्रतिद्वंदी से घृणा नहीं करते होंगे? सोचे भाजपा का कौन सा राज्यपाल विपक्ष के मुख्यमंत्री को दुश्मन की निगाह से नहीं देखता होगा? कौन सा अधिकारी, सचिव, नौकरशाह अपनी महत्वांकाक्षा, कंपीटिशन में प्रतिस्पर्धी को डाउन करने के लिए वे तिकड़में नहीं अपनाता होगा जो अनैतिक है? इस क्रम को भारत में किसी भी लेवल, मानवीय रिश्तों, सेवा, चिकित्सा, शिक्षा की दुकानों, उद्यमों, व्यवहारों में आजमाएं तो चौतरफा समझ आएगा हम लोगों की वृति, प्रवृति क्या हो गई है? या तो स्वार्थ है या घृणा। हाल के ऐसे कुछ फोटों दिखे, खबरें जानी, जिससे सवाल उठा घृणा किस-किस तरह बोलती हुई है? ठिक है अरविंद केजरीवाल से मोदी, शाह, भाजपा सब घृणा करें लेकिन ऐसा क्या जो उनके छोड़े मकान और नई मुख्यमंत्री आतिशी की उस पर शिफ्टिंग में भी दुश्मन को बदनाम करने का मौका नहीं चूका जाए। क्या तुक है जो एक चुनाव जीतने के लिए हिंदुओं को घृणा के ये टीके लगे कि बंटोगें नहीं तो कटोंगे! मुझे बहुत बुरा लगा जब उपराज्यपाल मनोज सिंहा और उमर अब्दुला का फोटो देखा। मानों भविष्य का संकेत। उमर अब्दुला कश्मीरी वेशभूषा में ऐंठ और अकड़ के अंदाज में और मनोज सिंहा भी सर्द। और कोई न माने इस बात को लेकिन मेरी फील है इस दफा बंगाल में दुर्गा पूजा फीकी थी। राजनीति की घृणा की छाप त्योहार पर थी। क्या अर्थ है इसका जो बंगाल का राज्यपाल ऐलान करें कि वे मुख्यमंत्री के साथ कोई मंच साझा नहीं करेंगे? और ऐसी क्या दुश्मनी जो योगी आदित्यनाथ ने अखिलेश यादव को जेपी की मूर्ति पर माला नहीं चढ़ाने दी। उसे रोकने के लिए पुलिस की भारी तैनातनी और मानों भारत व पाकिस्तान के बीच शक्ति परीक्षण हो! घृणा का हिंदू-मुस्लिम मामला और हिंसा अपनी जगह है। असल बात है कि जैसे राजनीति की छोटी-छोटी बातों में भी खुन्नस है तो व्यक्तियों, परिवारों, समाज के रिश्तों में भी आंशका, असुरक्षा, ईर्ष्या और भूख में घृणा का जो नया व्यवहार बन रहा है वह जातिगत दंगल के अलावा भी है। और इसकी कोई सुध नहीं है। हाल में मालूम हुआ भारत में लड़के-लडकियां शादी के पहले अब प्रीनप समझौते याकि लिखित अनुबंध कर रहे है ताकि शादी के बाद कानूनी अधिकारों, प्रोपर्टी के मामले पहले तय हो। गुजरात से खबर थी कि पहले युवती ने दुल्हन बनने का एग्रीमेंट किया, परिवार से मोटी रकम मांगी और फिर शादी से पहले गायब हो गई। इस तरह के वेयक्तिक रिश्तों में भूख, असुरक्षा, पंगेबाजी, नफरत और दुश्मनी में क्या-क्या फिर होता है इसका रूटिन पुलिस थानों, अदालतों में अब ऐसा भयावह है जिस पर लिखना महाभारत जैसा होगा!

मेष राशिः आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज कोई लाभदायक यात्रा संपन्न हो सकती है। अत्यधिक व्यस्तता के कारण घर पर तो समय व्यतीत नहीं कर पाएंगे, परंतु अपने बहुत से महत्वपूर्ण काम निपटाने में सफल होंगे। आज किसी भी प्रकार का लेनदेन करते समय सावधानी बरतें। आज बिजनेस में कोई महत्वपूर्ण फैसला न लें। इस वक्त बाहरी गतिविधियों पर ज्यादा समय बीतेगा।

वृष राशिःआज का दिन आपके लिए अच्छा होने वाला है। आज पास की किसी धार्मिक गतिविधि में शामिल होने के योग बन रहे हैं। आज किसी मामले में दूसरों के साथ बातचीत या सलाह करने से फायदा होगा। जरूरी काम और रिश्तों के बारे में विचार करेंगे और योजना बनाएंगे। परिवार से जुड़ी कोई परेशानी खत्म होने के योग हैं। आप नए सिरे से कोशिश करेंगे तो आप सफल हो सकते हैं।

मिथुन राशिःआज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज जो भी काम शुरू करेंगे वो समय पर पूरा हो जाएगा। आपको करियर से संबंधित नए अवसर मिलेंगे। नया व्यापार शुरू करने में बड़े भाई का सहयोग मिलेगा। कॉमर्स के विद्यार्थी आज मार्केटिंग को समझने के लिये शिक्षको की सहायता लेंगें, जो आपके भविष्य में बेहद काम आयेंगी।

कर्क राशिःआज आपका दिन अनुकूल रहेगा। आज घर के बड़ो की मदद से आपका जरूरी काम पूरा हो जाएगा। किसी रिश्तेदार से आपको कोई अच्छी खुशखबरी मिलेगी। जीवनसाथी आज आपकी हर बात समझने की कोशिश करेंगे, इससे रिश्तों में नयापन आयेगा। समाजिक कार्यो में सहयोग देने से आपको अच्छा फील होगा। भाई-बहन के साथ घर पर मूवी देखने का प्लान बनाएंगें।

सिंह राशिःआज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहेगा। आज कुछ प्रभावशाली लोगों के साथ आपके दोस्ताना तालमेल बनेंगे। मेहनत के अनुरूप आपको उचित परिणाम भी हासिल होंगे। कोई भी निर्णय भावनाओं में आकर न लें, बल्कि प्रैक्टिकल तरीके से अपनी कार्यप्रणाली बनाएं। ऐसा करने से आपको निश्चित ही सफलता मिलेगी। कभी-कभी आपके मन में नकारात्मक विचार आपके आत्मबल में कमी ला सकते हैं।

कन्या राशिःआज आपका दिन शानदार रहेगा। परिवार के सामने आपको अपनी राय रखने का पूरा मौका मिलेगा, आपकी योजना से लोग काफी प्रभावित होंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आप अपने घर का डेकोरेशन फेस्टिवल के अनुसार करेंगे। आपको अपनी वाणी पर संयम बनाये रखना चाहिए। किसी बात को लेकर ज्यादा जिद्द करने से बचना चाहिए आप सामाजिक कार्यों में हिस्सा लेंगे, समाज में आपका सम्मान होगा। आपकी निर्णय लेने की क्षमता का आपको पूरा लाभ मिलेगा।

तुला राशिःआज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। आज रोजमर्रा के कामों में आपको ज्यादा समय लग सकता है। आज आपको कारोबार में पैसा लगाने से पहले बड़ो की राय लेना आपके लिए बेहतर साबित होगी। पिता बच्चों की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे। इस राशि के जो लोग नया बिजनेस करना चाहते हैं उनके लिए आज मार्केट एनालिसिस करना बेहतर होगा।

वृश्चिक राशिःआज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिल सकते हैं। आज कार्यस्थल पर सहकर्मियों से बेहतर तालमेल बनाकर रखें। आपको किसी से भी बिना वजह उलझने से बचना चाहिए। परिवार वालों के साथ आज आप किसी धार्मिक स्थल पर जाने का प्लान बनाएंगे। आज कोई नया काम सीखने का मौका मिलेगा, जिससे भविष्य में आपको फायदा होगा।

धनु राशिःआज का दिन आपके लिए खुशियाँ लेकर आया है। आपका अपने कर्म पर विश्वास रखना, तथा मन लगाकर काम करना आपको सफलता देगा। कुछ बीती हुई गलतफहमियां दूर होने से भाइयों के साथ रिश्तों में मधुरता आएगी। पिछले कुछ समय से चल रही परेशानियों से राहत मिलेगी। आपकी आर्थिक स्थिति में पहले से सुधार आयेगा।

मकर राशिःआज आपका मन नई उमंगों से भरा रहेगा। हर कोई आपसे राय लेना चाहेगा। ऑफिस के लोगों में आपका रुतबा बनेगा। किसी विशेष व्यक्ति से आज आपकी बात हो सकती है। आपको आर्थिक रूप से भी लाभ मिलेगा, धन के नये स्रोत प्राप्त होंगे। छोटे बच्चे आज बहुत खुश रहेंगे, वो अपने लिये कोई नया खेल तलाश करेंगें। सेहत पहले से बेहतर बनी रहेगी।

कुंभ राशिःआज का दिन आपके लिए बढिया रहने वाला है। आज आप अपने भविष्य को बेहतर बनाने का प्लान बनाएंगे। परिवार के सदस्यों के साथ आपके रिश्ते बेहतर होंगे। आज आप पारिवारिक रिश्ते को महत्व देंगे। अविवाहित लोगों को कोई विवाह प्रस्ताव भी आज मिल सकता है। कोई दोस्त या बिजनेस का साथी पैसा कमाने का नया तरीका बता सकता है। माता-पिता से दूर कहीं रहते हैं, तो पैतृक निवास की यात्रा हो सकती है।

मीन राशिःआज का दिन व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज कारोबार में बाहरी लोगों के दखल से चुनौतियां रहेंगी। बेहतर होगा सब काम अपनी देखरेख में ही करवाएं। आपके पॉजिटिव विचार आपको अपने कार्यक्षेत्र में अच्छा करने के लिए प्रेरित करेंगे। इसकी वजह से जीवन के कुछ क्षेत्रों में अच्छा लाभ प्राप्त करेंगे। कुछ समय आध्यात्मिक अथवा धार्मिक स्थान पर बिताने से आपको मानसिक सुकून मिलेगा।

शब्द सामर्थ्य -213

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं :
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

ऊपर से नीचे
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुसबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 212 का हल

अ	भि	षे	क		प	स		
जा	त		थ	प	थ	पा	ना	
य	र	का	नी		भ्र		र	शिम
ब	घा	र		क	ष्ट	प्र	द	
	त	ना	त	नी		र्व		ब
अ		मा		ज	मा	त		ल
स	जा					क	ज	रा
बा		बे	स	हा	रा		ग	म
ब	गु	ला		रा	ज	दू	त	

सू- दोकू क्र. 213

	9			2				1
		5	1				3	
7				9		8		5
	8		3		7		5	
2		7				1		3
	4			1			8	
6		2			9			
	5		7			3		
		8		5			6	7

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.212 का हल

7	8	2	6	3	1	4	5	9
6	4	1	8	5	9	2	7	3
9	3	5	4	7	2		1	8
2	6	3	1	9	7	5	8	4
5	7	8	3	6	4	1	9	2
1	9	4	5	2	8	7	3	6
4	5	7	2	8	3	9	6	1
3	1	6	9	4	5	8	2	7
8	2	9	7	1	6	3	4	5

ख़ास ख़बर

अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की
बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तारकिशोर प्रसाद ने दीपक भगत की हत्या की निंदा की

- पुलिस महानिरीक्षक पूर्णिया और पुलिस अधीक्षक अररिया से दूरभाष पर गिरफ्तारी की मांग की

अररिया । बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने दवा व्यवसायी दीपक भगत की हत्या की कड़ी निंदा की है। उन्होंने पुलिस महानिरीक्षक पूर्णिया और पुलिस अधीक्षक अररिया से दूरभाष पर बात करते हुए अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की।

सुरक्षा पर ध्यानः तारकिशोर प्रसाद ने कहा, "एनडीए सरकार अपराध के खिलाफ सख्त कदम उठा रही है। हम किसी भी हालात में अपराधियों को बख्शने के लिए तैयार नहीं हैं।" उन्होंने व्यवसायियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि हाल के समय में व्यवसायियों को लक्षित कर हत्या की घटनाएं बढ़ी हैं, जो अत्यंत चिंताजनक हैं।

आत्मरक्षा के उपायः पूर्व उप मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि उन्होंने पुलिस महानिदेशक से बात की है, जिसमें व्यवसायियों द्वारा अग्नेयास्त्रों के लिए दिए गए आवेदन पत्रों को तुरंत निष्पादित करने के निर्देश देने की मांग की। उन्होंने सभी पुलिस अधीक्षकों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि व्यवसायी अपनी आत्मरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठा सकें। तारकिशोर प्रसाद के बयान स्पष्ट करते हैं कि सरकार व्यवसायियों की सुरक्षा को गंभीरता से ले रही है और इस दिशा में ठोस कदम उठाने का संकल्प कर रही है।

वेलीडिटरी सेशन में मात्र एक मिनट इक्कीस सेकेंड में डा. घनश्याम राय ने रखी अपनी बात

बीकानेर/रोसड़ा। इंडियन पॉलिटिकल साइंस एशोसियेशन के 61 वां वार्षिक सम्मेलन के वेलीडिटरी सेशन में निर्धारित दो मिनट में से मात्र एक मिनट इक्कीस सेकेंड में पूर्व कुलसचिव सह रोसड़ा कॉलेज के प्रधानाचार्य डा. घनश्याम राय ने अपनी बातों को रख दिया। इंडियन पॉलिटिकल साइंस एशोसियेशन के 61 वां वार्षिक सम्मेलन 18-19 अक्टूबर के जेनरल बॉडी मीटिंग में हमने अगले सम्मेलन के लिए मगध विश्वविद्यालय के प्रस्ताव पर माननीय प्रोफेसर संजीव कुमार शर्मा से गंभीरतापूर्वक विचार करने का आग्रह किया। साथ ही,शैक्षणिक निष्क्रियता और तकनीकी सत्र की गंभीरता पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक सक्रियता से हीं हम भारतीय ज्ञान परंपरा को स्थापित करते हुए विश्व गुरू की सपना को साकार कर सकते हैं।



शिक्षा विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार दूर करने को लेकर डीईओ से मिला शिष्टमंडलः प्रदीप कुमार पप्पू

मधेपुरा। बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ का शिष्टमंडल शुक्रवार देर शाम संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार पप्पू के नेतृत्व में जिला शिक्षा पदाधिकारी मधेपुरा से मिला। इस बैठक में शिक्षा एवं शिक्षकों की समस्याओं के समाधान हेतु ज्ञापन सौंपा गया। प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार पप्पू ने कहा, "शिक्षक शैक्षणिक कार्य में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन शिक्षा विभाग भ्रष्टाचार में डूबा हुआ है। बीआरसी से लेकर जिला कार्यालय तक शिक्षकों का बड़े पैमाने पर आर्थिक शोषण किया जा रहा है।"

- शिक्षकों की समस्याओं का समाधान जल्द होगा, डीईओ ने दिया आश्वासनः शिक्षक संघ

प्रमुख मांगेंः उन्होंने बताया कि शिक्षकों से विभिन्न मुद्दों पर अवैध राशि की उगाही की जा रही है, जिसमें शामिल हैंः

प्रशिक्षित वेतन फिक्सेशन और सेवा पुस्तिका का संधारण
कालबद्ध प्रोन्नति का लाभ
चिकित्सा और मातृत्व अवकाश का भुगतान
मृत शिक्षकों के आश्रितों को अनुकंपा पर नियुक्ति
अन्य लंबित वेतन भुगतान

दिए गए ज्ञापन में प्रमुख मांगेंः

1. नियोजित शिक्षकों के 12 वर्ष उपरांत कालबद्ध प्रोन्नति
2. छठे चरण के शिक्षकों का प्रशिक्षित वेतन फिक्सेशन
3. अप्रशिक्षित शिक्षकों के कार्य अवधि का बकाया भुगतान
4. दक्षता परीक्षा 2023 में उत्तीर्ण शिक्षकों के वेतन वृद्धि
5. शिक्षा विभाग के कार्यालय को भ्रष्टाचार से मुक्त करना

डीईओ का आश्वासन

जिला शिक्षा पदाधिकारी ने संघ की मांगों को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों के साथ बैठकर समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

शिष्टमंडल में शामिल थे

- भुवन कुमार (जिला अध्यक्ष)
- संजय कुमार (प्रधान सचिव)
- विनोद कुमार राम (कोषाध्यक्ष)
- जयकुमार (कार्यालय सचिव)
- रितेश कुमार सिन्हा (मीडिया प्रभारी)

परिवार नियोजन कार्यक्रम की सफलता को लेकर विभाग ने कसी कमर

अररिया । मातृत्व व शिशु स्वास्थ्य की बेहतरी के लिये परिवार नियोजन कार्यक्रम की सफलता महत्वपूर्ण है। इसे लेकर प्रत्येक माह के 21 तारीख को सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर परिवार नियोजन दिवस आयोजित किया जाता है। इसे अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिला स्वास्थ्य विभाग ने जरूरी कवायद शुरू की है। इसके तहत योग्य दंपतियों को परिवार नियोजन संबंधी विभिन्न सेवाओं की जानकारी देते हुए इच्छित सेवाओं का लाभ तत्काल उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। साथ ही इच्छित सेवाओं का लाभ ससमय प्राप्त करने के लिये योग्य दंपतियों के पूर्व पंजीकरण के लिये सभी स्वास्थ्य संस्थानों पर प्रत्येक परिवार नियोजन दिवस पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। ताकि परिवार नियोजन कार्यक्रम को जिले में अधिक प्रभावी व उपयोगी बनाया जा सके।

परिवार नियोजन सेवाओं को प्रभावी बनाने की है पहलः सिविल सर्जन डॉ केके कश्यप ने बताया परिवार नियोजन सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाकर बढ़ती जनसंख्या को नियंत्रित किया जा सकता है। साथ ही इससे माताओं व नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सकता है। परिवार नियोजन कार्यक्रम की मदद से परिवारों को सही समय पर बच्चों की योजना बनाने दमें मदद मिलती है। इससे महिलाओं का शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है। इससे स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ने वाले बोझ में भी कमी आती है। जो समाज के समग्र विकास के लिये जरूरी है। इसलिये स्वास्थ्य केंद्रों पर हर महीने की 20 तारीख को आयोजित होने वाले परिवार नियोजन दिवस को अधिक प्रभावी बनाने को लेकर विशेष पहल की जा रही है।

परिवार नियोजन सेवाओं के प्रति जागरूकता जरूरीः जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीएम संतोष कुमार ने कहा प्रत्येक क्रियाशील स्वास्थ्य केंद्रों पर हर महीने के 21 तारीख को परिवार नियोजन दिवस सफल आयोजन को लेकर विशेष पहल की जा रही है। इसके लिये सभी

- स्वास्थ्य संस्थानों पर परिवार नियोजन दिवस के सफल आयोजन करायें सुनिश्चित
- माताओं व नवजात शिशुओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिये कार्यक्रम का सफल संचालन जरूरी

मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का प्रयास किया जा रहा है। इसका उद्देश्य परिवार नियोजन संबंधी उपायों के प्रति जन जागरूकता फैलाने के साथ-साथ परिवार नियोजन साधनों को घर-घर तक पहुंचाना है। स्वास्थ्य विभाग समुदाय को परिवार नियोजन के महत्व की जानकारी देकर इसका लाभ उठाने के लिये उन्हें प्रेरित व प्रोत्साहित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

सभी आशा के लिये लक्ष्य निर्धारितः जिला सामुदायिक समन्वयक सौरव कुमार ने बताया कि परिवार नियोजन दिवस के सफल आयोजन को लेकर सभी स्वास्थ्य केंद्रों को अतिरिक्त धनराशि विभाग द्वारा आवंटित की गयी है। प्रत्येक माह के 21 तारीख को परिवार नियोजन दिवस का सफल आयोजन करने व इसमें प्रत्येक आशा को एक अंतरा व एक आईयूसीडी का लाभ चिह्नित लाभुक को प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

शवदाह स्थल पर भावुकता का क्षण

अररिया। अररिया में हत्या के शिकार हुए गणपति दवा एजेंसी के मालिक दीपक भगत को श्रद्धांजलि देने के लिए सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने रविवार को उनके शवदाह स्थल पर पहुंचकर अंतिम संस्कार में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने दिवंगत के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। सांसद ने कहा, "दीपक भगत की हत्या से हम सभी दुखी हैं। यह घटना हमारे समाज के लिए एक गंभीर चेतावनी है। हमें अपने नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देनी होगी और सुनिश्चित करना होगा कि इस तरह की घटनाएं भविष्य में न हों।" उन्होंने उपस्थित जनसमूह से आग्रह किया कि समाज को एकजुट होकर नशे के खिलाफ और अपराधियों के खिलाफ खड़ा होना चाहिए। सांसद ने कहा, "हम सभी को मिलकर काम करना होगा ताकि ऐसे अपराधियों को सजा दिलाई जा सके और हमारी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।" सांसद प्रदीप कुमार सिंह की इस श्रद्धांजलि ने दिवंगत दीपक भगत के परिवार के लिए सांत्वना का कार्य किया और समुदाय में सुरक्षा की आवश्यकता की बात को फिर से उजागर किया।

- सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने दिवंगत दीपक भगत को दिया श्रद्धांजलि
- इस दौरान उन्होंने दिवंगत के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की

एथलेटिक्स प्रतियोगिता 24 अक्टूबर से जिला स्कूल खेल मैदान पूर्णियां में



पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -7

पूर्णिया । पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन-7 के पांचवें चरण की एथलेटिक्स प्रतियोगिता 24 अक्टूबर 2024 से जिला स्कूल खेल मैदान परिसर में शुरू होने जा रही है। प्रतियोगिता की तैयारी जोर-शोर से चल रही है, जिसमें आयोजन समिति, जिला एथलेटिक्स संघ, और वरिष्ठ खेल प्रेमियों की टीम दिन-रात मेहनत कर रही है।

पनोरमा ग्रुप के अध्यक्ष की प्रेरणाः पनोरमा ग्रुप के चेयरमैन सह पनोरमा स्पोर्ट्स के अध्यक्ष श्री संजीव मिश्रा ने कहा, "मेरी इच्छा है कि अधिक से अधिक बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी भाग लें और प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा को निखारें।" उन्होंने पिछले चरणों की सफलताओं का भी उल्लेख किया, जिसमें बैडमिंटन, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, टेबल टेनिस, शतरंज, कुश्ती, कबड्डी और साइकिलिंग शामिल हैं।

प्रतियोगिता की तैयारियां अंतिम चरण मेंः आयोजन समिति के सदस्य हरिओम झा ने बताया कि अगली फुटबॉल प्रतियोगिता की तैयारी भी शुरू हो चुकी है। फुटबॉल प्रतियोगिता को लेकर आज शाम 7:00 बजे संबंधित पदाधिकारियों और वरिष्ठ खेल प्रेमियों के साथ बैठक होगी।

शामिल होने वाली स्पर्धाएँ हैं

1. 100 मीटर
2. 200 मीटर
3. 400 मीटर
4. 800 मीटर
5. 1500 मीटर
6. डिस्कस थ्रो
7. जैवलिन थ्रो
8. लंबी कूद
9. ऊंची कूद
10. गोला थ्रो

प्रतिभागियों की संख्या और स्पर्धाएँः एथलेटिक्स प्रतियोगिता में लगभग 1000 प्रतिभागियों के भाग लेने की उम्मीद है, जो बालक और बालिका वर्ग में विभिन्न स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। प्रतियोगिता में

सफलता की तैयारी, उपस्थित महानुभाव प्रतियोगिता को सफल बनाने में पनोरमा ग्रुप के अध्यक्ष श्री संजीव मिश्रा, आयोजन समिति के सदस्य हरिओम झा, मिथिलेश राय, और जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव एम एच रहमान साहब सहित कई प्रशिक्षक और सहायक टीम का योगदान रहेगा। यह प्रतियोगिता न केवल युवा खिलाड़ियों के लिए एक मंच प्रदान करेगी, बल्कि खेलों में उत्साह और प्रतिस्पर्धा को भी बढ़ावा देगी।

अररिया में हत्या की घटनाः सांसद प्रदीप कुमार सिंह की कड़ी चेतावनी

दहशत का माहौलः व्यापारी वर्ग चिंतित

दैनिक शुभ भास्कर,अररिया। शनिवार रात को वार्ड नंबर 17 के महावीर टोला में गणपति दवा एजेंसी के मालिक दीपक भगत की हत्या ने अररिया के व्यापारियों और आम जनता में एक गंभीर दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने इस हत्या की घटना पर गहरा रोष व्यक्त किया और पुलिस प्रशासन को सख्त निर्देश दिए कि वे अपराध पर तुरंत प्रभावी कार्रवाई करें।

घटनास्थल पर पहुंचे सांसदः त्वरित जांच का निर्देशः सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने घटनास्थल पर पहुंचकर वहां मौजूद पुलिसकर्मियों को सघन जांच के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा, "पिछले 20 वर्षों में अररिया में ऐसी घातक घटना नहीं हुई थी। इस तरह की हिंसा को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।"

पुलिस को सख्त आदेशः दोषियों की हो तत्काल गिरफ्तारीः सांसद ने जिला पुलिस अधीक्षक से फोन पर चर्चा करते हुए कहा कि अररिया को बदनाम करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने 24 घंटों के भीतर आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की, ताकि जनता का विश्वास बहाल किया जा सके।

नशे के कारोबार पर अंकुश की जरूरतः सांसद ने नशे के बढ़ते कारोबार को भी अपराध का एक मुख्य कारण बताया। उनका कहना है कि अवैध नशीली पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि युवा वर्ग नशे के आदी होकर अपराध की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की अपील की है।

समाज में सुरक्षा का आश्वासनः अररिया को अपराध मुक्त बनाने के लिए सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने जिला प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। उनका कहना है कि प्रशासन को सजग रहकर काम करना चाहिए, ताकि समाज में सुरक्षा का माहौल बना रहे और नागरिकों का विश्वास सुरक्षित हो।

सीमांचल अधिकार मंच का शिष्टमंडल मिला एसडीओ और डीएसपी से

फारबिसगंज । सीमांचल अधिकार मंच के एक शिष्टमंडल फारबिसगंज एसडीओ और डीएसपी से मुलाकात की, जिसमें 26 अक्टूबर को होने वाले जुलूस और सभा की योजना के बारे में जानकारी दी गई। मंच के सदस्यों ने स्पष्ट किया कि यति नरसिंहानंद और उनके अनुयायियों द्वारा पैगंबर हजरत मुहम्मद के खिलाफ की गई अमर्यादित टिप्पणी से करोड़ों लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं, और अब तक किसी भी प्रकार की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

जुलूस की योजनाः शिष्टमंडल ने बताया कि इस संदर्भ में सीमांचल अधिकार मंच 26 अक्टूबर 2024 को सुबह 8 बजे स्थानीय कर्बला मैदान से जुलूस का आयोजन करेगा। यह जुलूस जुम्मन चौक, सुभाष चौक, पोस्ट ऑफिस चौक, और सदर रोड होते हुए गांधी फील्ड (द्विजदेनी) हाई स्कूल मैदान फारबिसगंज में पहुंचकर सभा में तब्दील होगा। सभा में गुस्ताख ए रसूल की गिरफ्तारी की मांग की जाएगी।

शांतिपूर्ण प्रदर्शन का आश्वासनः मंच के अध्यक्ष शाहजहां शाद ने आश्वासन दिया कि जुलूस में किसी भी प्रकार की नारेबाजी नहीं की जाएगी और यह पूरी तरह से शांतिपूर्ण एवं संवैधानिक तरीके से आयोजित किया जाएगा। सभी प्रतिभागियों के हाथों में तख्तियां और तिरंगा झंडा होगा, जिससे यह प्रदर्शन पूरी तरह से नागरिकता के मूल्यों का पालन करेगा।

उपस्थित सदस्यः इस बैठक में मंच के अध्यक्ष शाहजहां शाद, सचिव एकराम अंसारी, राशिद जुनैद, मौलाना आस मोहम्मद, खत्ताब अंसारी, और अफजल अंसारी भी मौजूद थे। सभी सदस्यों ने एकजुट होकर प्रदर्शन की तैयारी के महत्व पर जोर दिया और जनता से शांतिपूर्ण तरीके से भाग लेने की अपील की। इस तरह की गतिविधियां सीमांचल अधिकार मंच के सदस्यों की चिंताओं को सार्वजनिक रूप से व्यक्त करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम हैं, जो सामाजिक न्याय और धार्मिक संवेदनशीलता को बढ़ावा देने की दिशा में एक कदम है।

स्वर्गीय संतन सिंह के 14 वीं पुण्यतिथि के मौके पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन,निशुल्क जांच शिविर में लगभग दो हजार मरीज के स्वास्थ्य जांच कर किया गया दवा का वितरण

दैनिक शुभ भास्कर,

छोटी देवी प्रखंड संवाददाता नबीनगर औरंगाबाद बिहार 20 अक्टूबर 2024: प्रखंड क्षेत्र के बडेम गांव में स्थित सूर्य राघव मंदिर के प्रांगण में रविवार को औरंगाबाद जिले में समता पार्टी के संस्थापक जिलाध्यक्ष एवं नबीनगर प्रखंड के 25 वर्षों तक उप प्रमुख रहे स्वर्गीय संतन सिंह की 14 वीं पुण्यतिथि समारोह मनाया गया।पुण्यतिथि समारोह के मौके पर मेदांता फाउंडेशन पुअर एंड निधि पेशेंट वेलफेयर समिति एवं स्व संतन सिंह सेवा समिति बडेम के तत्वाधान में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन सूर्य राघव मंदिर के पुजारी आकाश चौबे एवं विवेक मिश्रा के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ वरिष्ठ लेखिका ममता मल्होत्रा मेदांता के निदेशक रेडियोलॉजी डॉ रंजन कुमार,डॉ आकाश कुमार,डॉ राहुल,डॉक्टर सदाशिव पांडेय, सीआईएसएफ के कमांडेंट राघवेंद्र सिंह,जदयू के पूर्व जिलाध्यक्ष विश्वनाथ सिंह,उप प्रमुख लव कुमार सिंह,जदयू नेता संजीव कुमार सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित व फिता काटकर किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मेदांता के निदेशक रेडियोलॉजी डॉक्टर रंजन कुमार ने कहा कि मेदांता अस्पताल में इलाज करना महंगा नहीं है।मेदांता अस्पताल में इलाज में बिहार सरकार का 25% एवं अस्पताल में हो रही जांच में भी बिहार सरकार का 25% है जिससे कि गरीबों का अस्पताल में इलाज करना काफी सुलभ हो गया है।बताया कि अस्पताल में सरकारी दर पर जांच किया जाता हैं एवं गंभीर बीमारी से पीड़ित व्यक्ति का सरकार के द्वारा निर्धारित दर पर इलाज किया जाता है। स्वास्थ्य जांच शिविर में मेदांता अस्पताल के सभी विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित थें।मौके पर जगत किशोर सिंह,पूर्व पैक्सध्यक्ष उदय कुमार सिंह,मुखिया प्रतिनिधि रमेश कुमार सिंह,अनिल कुमार सिंह उर्फ पिंटू,संतोष गौतम,राजीव कुमार सिंह उर्फ छोटू,मनीष कुमार सिंह,राजीव मिश्रा,कुंदन सिंह,प्रदीप गुप्ता समेत संतन सिंह सेवा समिति के सभी सदस्य उपस्थित थें।

बिहार राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन की प्रखंड अध्यक्ष बनी प्रेमिला

दैनिक शुभ भास्कर,

छोटी देवी प्रखंड संवाददाता नबीनगर औरंगाबाद बिहार 20 अक्टूबर 2024: स्थानीय थाना निकट स्थित गायत्री मंदिर के प्रांगण में रविवार को बिहार राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन के प्रखंड स्तरीय कमिटी के गठन को लेकर बैठक आयोजित किया गया। बैठक कि अध्यक्षता आंगनबाड़ी सेविका रूपा कुमारी ने किया।बैठक में प्रखंड स्तरीय आंगनबाड़ी कार्यकारिणी कमेटी का गठन किया गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों नें सर्वसम्मति से अध्यक्ष प्रमिला कुमारी,रूपा कुमारी एवं शोभा कुमारी को उपाध्यक्ष तथा सोनम कुमारी एवं धर्मेंद्र कुमार सिंह को सचिव,कोषाध्यक्ष पद पर विपिन कुमार एवं उप कोषाध्यक्ष अरुण कुमार को बनाया गया। प्रखंड महासचिव के रूप में श्रीकांत कुमार सिंह को चयनित किया गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में प्रभा कुमारी,खुशबू कुमारी,उषा कुमारी,सोनम कुमारी,रिंकू देवी,सुशीला कुंवर,किरण कुमारी एवं मार्गदर्शक मंडल के रूप में राम जीत राम ,मनोज कुमार, वैजयंती देवी कमला देवी,कृष्णा राम को चुना गया है।नवनिर्वाचित अध्यक्ष व महासचिव ने बताया कि प्रखंड स्तरीय संगठन मजबूत करते हुए हमलोग सेविकाओं के हक एवं अधिकार के लड़ाई लड़ते रहेंगे। बिहार सरकार के द्वारा दी गई कार्यों को सफल करने में संगठन सहयोग करेगी। वित्तीय वर्ष 2022-23 का अन्नप्राशन गोद भराई का पैसा सेविकाओं को नहीं मिला है इसके लिए पदाधिकारी से बात कर सेविकाओं को दिलवाने का प्रयास करेंगें।मौके पर आंगनबाड़ी राज्य कर्मचारी यूनियन जिला शाखा के संरक्षक उपेंद्रनाथ शर्मा,महासचिव रंजीत कुमार सिंह, गोह के प्रखंड अध्यक्ष संगीता देवी, जिला कार्यकारिणी सदस्य यदुनंदन राम, दाउदनगर प्रखंड की इंदु देवी समेत प्रखंड के सभी सेविका व सहायिका उपस्थित थी।

एमर्जिंग एशिया कप

भारत ने पाकिस्तान को 7 विकेट से हराया

नईदिल्ली, एजेंसी। अल अमीरात क्रिकेट ग्राउंड में एसीसी मेन्स टी20 इमर्जिंग टीम एशिया कप 2024 के तहत खेले गए अहम मुकाबले में भारत ए ने पाकिस्तान ए को रोमांचक मुकाबले में 7 रन से हरा दिया। भारत ने पहले खेलते हुए अभिषेक शर्मा, प्रभसिमरण और तिलक वर्मा की पारियों की बदौलत 183 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी पाकिस्तान की टीम ने एक समय 78 रन पर ही 4 विकेट गंवा दिए थे। लेकिन इसके बाद अराफात मिन्हास ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। ऐसे समय में रासिख सलाम ने 2 विकेट निकालकर मैच भारत की ओर मोड़ दिया। अब्बास अफरीदी ने भी अंत में जोर लगाया लेकिन जीत भारत को ही मिली।

भारत ए पारी:183-8 (20 ओवर)

अभिषेक शर्मा और प्रभसिमरण सिंह ने भारत ए को तेजतर्रार शुरूआत दी। दोनों ने पहले विकेट के लिए 6 ओवर में ही 68 रन बना दिए। अभिषेक ने 22 गेंदों पर 5 चौके और 2 छक्कों की मदद से 35 रन तो प्रभसिमरण ने 19 गेंदों पर 3 चौके और 3 छक्कों की मदद से 36 रन बनाए। कप्तान तिलक वर्मा का भी बल्ला चला। उन्होंने 35 गेंदों पर 2 चौके और 2 छक्कों की मदद से 44 रन बनाए। बाद में नेहल वडेहरा ने 22 गेंदों पर 25 तो रमनदीप सिंह ने 11 गेंदों पर 17 रन बनाकर स्कोर 8 विकेट के नुकसान पर 183 तक पहुंचाया। पाकिस्तन के लिए सुफियान मुकीम ने 28 रन देकर 2 विकेट लीं।

पाकिस्तान ए पारी:176-7 (20 ओवर)

पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद हारिस ने पहले ही गेंद पर छक्का लगाकर पारी की शुरूआत की। लेकिन वह अंशुल कंबोज की अगली ही गेंद पर बोल्ड हो गए। उमेर युसूफ भी 2 ही रन बना पाए। यासिर खान ने 22 गेंदों पर तीन छक्कों की मदद से 33 तो कासिम अकरम ने 21 गेंदों पर 27 रन बनाए। मध्यक्रम में अराफात मिन्हास ने 29 गेंदों पर 5 चौके और एक छक्के की मदद से 41 रन बनाए। अब्दुल समद ने 15 गेंदों पर 2 चौके और 2 छक्कों की मदद से 25 रन बनाए। अब्बास अफरीदी ने 9 गेंदों पर 4 चौके लगाकर 18 रन जरूर बनाए लेकिन उनकी टीम 176 रन ही बना पाई और मैच 7 रन से गंवा लिया।

36 साल बाद घर में न्यूजीलैंड से टेस्ट हारा भारत

- **न्यूजीलैंड ने पहले टेस्ट में भारत को 8 विकेट से मात देकर तीन मैचों की सीरीज में बनाई 1-0 से बढ़त**

बेंगलुरु, एजेंसी। भारत और न्यूजीलैंड के बीच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में हुए पहले टेस्ट मैच में टीम इंडिया को 8 विकेट से हार का सामना करना पड़ा है। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम ने इसके साथ ही तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 से बढ़त हासिल कर ली है। बारिश से प्रभावित इस मुकाबले में भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था और भारतीय टीम सिर्फ 46 रनों पर ही ऑल आउट हो गई थी। यह भारतीय टीम का भारत में सबसे कम टेस्ट स्कोर था। दूसरी पारी में सरफराज खान, ऋषभ पंत, विराट कोहली द्वारा अच्छी कोशिशों के बावजूद भारतीय टीम पहली पारी के बेहद कम स्कोर से अंत तक उभर नहीं सकी।

भारत ने दूसरी पारी में 462 रन बनाए थे और चौथी पारी में न्यूजीलैंड को जीत के लिए मात्र 107 रनों का स्कोर दिया था। कीवी टीम ने यह स्कोर पांचवें और अंतिम दिन केवल 2 विकेट खोकर हासिल कर लिया। अंतिम दिन न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम को जसप्रीत बुमराह ने बगैर खाता खोले एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया था। इसके बाद दूसरे ओपनर डेवोन कॉन्वे को भी 17 रनों के निजी स्कोर पर इसी तरह से आउट कर दिया गया। इसके बाद विल यंग (48) और रचिन रविंद्र (39) के बीच बनी अटूट अर्धशतकीय भागीदारी ने न्यूजीलैंड की 8 विकेट से जीत सुनिश्चित की। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह ने 8 ओवर में 29 रन देकर 2 विकेट लिए। भारत ने चौथी पारी में अपने पांच गेंदबाजों का इस्तेमाल किया।

इससे पहले न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम ने पहली पारी के दौरान रचिन रवींद्र के शानदार शतक, कॉन्वे के 91 रन और निचले क्रम पर टिम साउदी द्वारा बनाए गए अहम 65 रनों की बदौलत 402 रनों का स्कोर खड़ा किया था। वहीं भारत की ओर से पहली पारी के फ्लॉप शो के बाद दूसरी पारी में सरफराज खान ने शानदार 150 रनों की पारी खेली थी। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने भी 105 गेंदों पर तेज 99 रन बनाए थे। इससे पहले रोहित शर्मा ने 52 और विराट कोहली ने 70 रनों का योगदान दिया था। एक समय भारत का स्कोर 4 विकेट के नुकसान पर 433 रन था। लेकिन निचले मध्यक्रम और निचले क्रम के सस्ते में ढहने के बाद भारतीय पारी सिर्फ 462 रनों पर ढेर हो गई थी।

हॉकी:

जर्मनी के खिलाफ टेस्ट मैचों के लिए वरूण कुमार की भारतीय टीम में वापसी, श्रीजेश के बिना उतरेगा भारत

नईदिल्ली, एजेंसी। फरवरी में बंगलूरू पुलिस ने वरूण पर पोक्सो (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण) अधिनियम के तहत आरोप लगाये थे जब 22 वर्ष की एक महिला ने आरोप लगाया था कि पिछले पांच साल से वरूण ने कई बार उसका यौन उत्पीड़न किया है और इसकी शुरूआत तब हुई जब वह नाबालिग थी।

जर्मनी के खिलाफ 23 और 24 अक्टूबर को यहां मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम पर होने वाले दो टेस्ट मैचों के लिये डिफेंडर वरूण कुमार की भारतीय

हॉकी टीम में वापसी हुई है। एक जूनियर वॉलीबॉल खिलाड़ी द्वारा यौन उत्पीड़न के आरोप लगाये जाने के कारण वरूण पेरिस ओलंपिक और एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी टीम में जगह नहीं बना सके थे।

फरवरी में बंगलूरू पुलिस ने वरूण पर पोक्सो (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण) अधिनियम के तहत आरोप लगाये थे जब 22 वर्ष की एक महिला ने आरोप लगाया था कि पिछले पांच साल से वरूण ने कई बार उसका यौन उत्पीड़न किया है और इसकी शुरूआत तब हुई जब वह नाबालिग थी।

डाइवर पलक शर्मा एशियन डाइविंग चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए 21 अक्टूबर को चाइना होंगी रवाना

नई दिल्ली, एजेंसी। आगामी 21 अक्टूबर से एशियन डाइविंग चैंपियनशिप का आयोजन चाइना के ग्वांग्झू में होने जा रहा है। इस डाइविंग प्रतियोगिता में एशियाई देशों के डाइवर अपनी सहभागिता करेंगे। भारतीय दल का नेतृत्व इस टूर्नामेंट में डाइवर पलक शर्मा करते हुए नजर आने वाली हैं। पलक शर्मा मूलतः मध्यप्रदेश की क्लीन सिटी इंदौर की रहने वाली हैं।

अपने 8 साल की उम्र से डाइविंग को पैशन बना चुकी पलक शर्मा ने अपने 9 साल के इस सफर में अब तक राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 50 पदक जीत चुकी हैं, जिनमें से अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में 4 स्वर्ण, 5 रजत और 1 कांस्य पदक सहित राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में 29 स्वर्ण, 8 रजत और 3 कांस्य पदक शामिल हैं। सन 2018 में मात्र 12 साल की उम्र में पलक शर्मा ने राष्ट्रीय जूनियर प्रतियोगिताओं में भाग लेकर पदक जितना शुरू कर दिया था। और उसके बाद से जो ये जितने का सिलसिला शुरू हुआ वो अब तक निर्बाध रूप से निरंतर जारी है। बेहद कम उम्र में ही इस प्रतिस्पर्धा में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुकी पलक शर्मा ने राष्ट्रीय , अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जितने के साथ कई पुरस्कार भी अपने नाम कर चुकी हैं जिनमें से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2021 और मध्य प्रदेश का सर्वोच्च पुरस्कार एकलव्य पुरस्कार 2022 शामिल है। पलक प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की अति महत्वकांक्षी योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की ब्रांड एंबेसडर भी है। इस एशियन डाइविंग चैंपियनशिप में शामिल होने से ठीक 5 दिन पहले ही पलक को एक बेहद कठिन दौर से गुजरना पड़ा है जिसमें उनके दादाजी का देहांत हो गया है। इस कठिन परिस्थिति और आघात के बावजूद मात्र 5 दिन में ही पलक ने इस टूर्नामेंट के लिए सहमति देकर एक मिसाल कायम किया है।

पलक ने कहा कि दादाजी मुझे बेहद प्रिय थे और अब इस टूर्नामेंट में उनके सम्मान के लिए पदक जीतने पर ही हमारा ध्यान केंद्रित रहेगा। कई लोगों ने इस कठिन परिस्थिति में टूर्नामेंट छोड़ने की सलाह दी लेकिन पलक ने कहा कि नहीं जब सचिन तेंदुलकर जैसे महान खिलाडी अपने पिता की मौत पर देश के लिए खेल कर शतक बना सकते हैं तो वो क्यों नहीं खेल सकती ? वो टूर्नामेंट में हिस्सा अवश्य लेंगी। और इसी संकल्प के साथ पलक शर्मा चाइना में आयोजित होने जा रहे इस टूर्नामेंट के लिए अपनी सहमति दे दीं। अब वो इस टूर्नामेंट में भागीदारी करने के लिए 21 अक्टूबर को दिल्ली से टीम के बाकी सदस्यों के साथ चाइना के लिए प्रस्थान करेंगी। यह जानकारी उनके पीआरओ संजय भूषण पटियाला ने दिया।

भारतीय जूनियर हॉकी टीम ने जापान के खिलाफ 4-2 से शानदार जीत दर्ज की

जोहोर बाहरू, एजेंसी। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने शनिवार को यहां सुल्तान ऑफ जोहोर कप में जापान के खिलाफ 4-2 से शानदार जीत के साथ बेहतरीन शुरुआत की। भारत की जीत में आमिर अली (12), गुरजोत सिंह (36), आनंद सौरभ कुशवाह (44) और अंकित पाल (47 ने गोल किए, जबकि जापान के लिए सुबासा तनाका (26 और राकुसेई यामानाका (57) ने गोल किए।

भारत की शुरुआती गेम में जीत का स्वागत दिग्गज पूर्व भारतीय गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने बड़ी मुस्कान के साथ किया, जो भारतीय जूनियर पुरुष टीम के कोच के रूप में हॉकी में अपनी नई पारी की शुरुआत कर रहे हैं। शुरुआत से ही यह एक रोमांचक मैच था, जिसमें भारतीय जूनियर

हॉकी टीम के खिलाड़ियों ने आक्रामक हॉकी खेली और मैच के शुरू में ही गोल करने के मौके तलाशते रहे।

मैच के 12वें मिनट में आमिर अली ने बेहतरीन फील्ड गोल करके जापानी रक्षापंक्ति को ध्वस्त कर दिया। जापान ने इस शुरुआती झटके से वापसी की जब 26वें मिनट में सुबासा तनाका ने बराबरी का गोल किया। इस बराबरी के गोल ने भारत के मनोबल को कम नहीं किया और उन्होंने जापान को 2-1 की बढ़त लेने से रोक दिया, जब नियो सातो और युतो हिगुची ने मिलकर गोल पर बेहतरीन शॉट लगाने के लिए मिलकर काम किया, जिसका श्रेय भारतीय गोलकीपर अली खान को जाता है जिन्होंने गोलपोस्ट में शानदार बचाव किया।

हाफ-टाइम ब्रेक के छह मिनट बाद, भारत ने अपनी बढ़त फिर से हासिल कर ली, जब गुरजोत सिंह, जिन्होंने पिछले महीने एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में अपना सीनियर अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था, ने बेहतरीन फील्ड गोल किया। इस गोल को बनाने में मोहम्मद कोनैन दाद ने उनकी शानदार मदद की और भारत को अच्छी गति दी।

कुछ ही मिनटों बाद, दिलराज सिंह ने चतुराई से भारत को एक महत्वपूर्ण पीसी अर्जित करने में मदद की, जिसने उन्हें 44वें मिनट में अपनी बढ़त को 3-1 तक मजबूत करने में मदद की। आनंद सौरभ कुशवाह ने अपने विस्फोटक ड्रैग-फ्लिक से जापान के गोलकीपर किशो कुरोडा को छकाकर गोल किया। भारत का गोल-उत्सव अंतिम क्वार्टर में भी जारी रहा, जब अंकित पाल ने 47वें मिनट में टीम का चौथा गोल किया। उन्होंने पीसी से रिबाउंड लेकर गेंद को जापान के गोलकीपर के पार पहुंचाया। इससे भारत मजबूत स्थिति में पहुंच गया।

हालांकि जापान ने 57वें मिनट में राकुसेई यामानाका के जरिए गोल किया, लेकिन भारत 4-2 से आगे रहा।जब भारतीय हमलावरों ने पांचवें गोल की तलाश में अपनी रणनीति में तेजी दिखाई। लेकिन जापान के गोलकीपर कोकी ओरिगासा ने गोल को रोककर अच्छा प्रदर्शन किया और भारत ने 4-2 से शानदार जीत दर्ज की।

बजरंगबली को याद करके भाला फेंकता हूं: नीरज चोपड़ा

लखनऊ, एजेंसी। मुझे लखनऊ आना अच्छा लगता है। यहां के लोगों का खूब प्यार मिलता है। लखनऊ में ही साल 2012 में जूनियर नेशनल का पहला गोल्ड मेडल जीता था। टोक्यो ओलिंपिक के बाद भी यहां आया था। मैच से पहले मैं बजरंगबली और महादेव को याद करता हूं। प्रधानमंत्री मोदी से मिलने गया था तो मां के हाथों का बना चूरमा लेकर गया था।

यह कहना है ओलिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा का। वह शनिवार को लखनऊ पहुंचे थे। यहां नीरज चोपड़ा ने भास्कर से बातचीत की। उन्होंने कहा- लखनऊ में पुरानी बिल्डिंग को जिस तरह से सुरक्षित रखा गया है। यह काफी अच्छा था। आज पहली बार लखनऊ में घूमने का मौका मिला है। पालक पत्ता चाट बहुत अच्छा था। हमारे यहां घेवर मीठा होता है। यहां पर नमकीन था, अच्छा लगा। खिचड़ी भी यहां पर खाई है। शर्मा जी की चाय की दुकान पर भी गया था। उनका चाय बनाने का तरीका थोड़ा अलग है।

नीरज बोले- अभी थोड़ा मोटा हो गया हूं

नीरज चोपड़ा ने कहा- मैं, प्रधानमंत्री के लिए मां के हाथों का बना चूरमा लेकर गया था। मैं जब भी घर जाता हूं, तो हमारे पांच से दस दोस्त यही चूरमा खाते हैं। अभी मोटापा बड़ रहा है। ट्रेनिंग चल नहीं रही है। डाइट पर अधिक फोकस है। अभी 30-40 मिनट रनिंग और एक्सरसाइज कर लेते हैं। सीजन अभी खत्म हुआ है।

इसलिए एक डेड महीना हल्की ट्रेनिंग है। अब अगले साल वर्ल्ड चैम्पियनशिप है, उसकी ट्रेनिंग करूंगा। अभी सर्जरी भी कराई थी। डॉक्टर ने भी रिकवरी के लिए बोला है। जब भी आता हूं कोशिश करता हूं, देश के लोगों को और परिवार को टाइम दे सकूं। अधिकांश समय तो ट्रेनिंग के लिए बाहर ही रहना पड़ता है। 90 मीटर का मैजिकल थ्रो जल्द फेकेंगे

नीरज ने कहा कि 2018 से मैं कई बार 90 मीटर जैवलिन थ्रो के करीब पहुंच गया हूं। हर कॉम्पिटिशन में उसके पास में पहुंच रहा हूं। अगर आप मुझसे पूछोगे कि 90 मीटर प्लस मारना है या फिर नियमित तौर पर 88-89 मीटर का थ्रो मारना है। तो मैं, 88-89 मीटर के बारे में कहूंगा।

मेरे हिसाब से कंसिस्टेंसी बहुत जरूरी है। 90 मीटर मैजिकल मार्क है। कभी-कभी सेंटीमीटर से रह जाता हूं। जब 100 पर्सेंट इंजरी फ्री होंगे तो यह होगा।

11 साल पहले जिसने छोड़ा भारत, उस खिलाड़ी ने सुपर ओवर में नेपाल को जिताया, यूएसए ने गंवाई टी-20 सीरीज

नईदिल्ली, एजेंसी। यूएसए के दौरे पर गई नेपाल की टीम ने 3 मैचों की टी-20 सीरीज जीत ली है. सीरीज का दूसरा मैच नेपाल ने सुपर ओवर में जीता और 2-0 की अजेय बढ़त ले ली. नेपाल को सुपर ओवर में उस खिलाड़ी ने जिताया, जिसका पूरा बचपन भारत में बीता है. उस खिलाड़ी को क्रिकेट का चस्का भी भारत में लगा था. और, जो 11 साल पहले भारत छोड़कर नेपाल चला गया था. हम बात कर रहे हैं ऑलराउंडर सोमपाल कामी की, जिन्होंने सुपर ओवर में किए अपने कमाल की बदौलत नेपाल को जीत दिलाई है.

सोमपाल कामी मूल रुप से नेपाल के ही रहने वाले हैं. उनका ताल्लुक पश्चिमी नेपाल के गुलमी से है. वो जब छोटे थे तभी

उनके मां-बाप उन्हें लेकर भारत में पंजाब आ गए थे. भारत में रहते हुए सोमपाल ने कई स्कूल और क्लब क्रिकेट टूर्नामेंट खेले. लेकिन, फिर करियर को नई दिशा देने के मकसद से वो 2013 में 17 साल की उम्र में फिर से नेपाल चले गए. 2014 में सोमपाल ने नेपाल के लिए डेब्यू किया और तब से अब तक टीम के मजबूत स्तंभ बने हैं, जिसका की उदाहरण भी उन्होंने यूएसए के खिलाफ अपने परफॉर्मेन्स से दे दिया.

नेपाल- यूएसए ने बनाए 170-170 रन

नेपाल और ङ्क के बीच दूसरे टी-20 का फैसला सुपर ओवर में हुआ. इससे पहले दोनों टीमों ने 20-20 ओवरों के खेल के बाद 170-170 रन बनाए. पहले बल्लेबाजी करते हुए कुशल भुर्तेल के नाबाद 92 रन की बदौलत नेपाल ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 170 रन बनाए थे. उसके बाद यूएसए ने भी 20 ओवर में 8 विकेट पर 170 रन बनाए. यूएसए की ओर से विकेटकीपर एंड्रीज गूज ने सबसे ज्यादा 62 रन की पारी खेली.

रणजी ट्रॉफी में आग उगल रहा वाशिंगटन सुंदर का बल्ला

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर का बल्ला रणजी ट्रॉफी 2024 में जमक बोला है। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में हो रहे तमिलनाडु और दिल्ली के मुकाबले में सुंदर टॉप ऑर्डर में बल्लेबाजी करने के लिए उतरे और उन्होंने कमाल कर दिया। उन्होंने इस मौके को दोनों हाथों से कबूल किया और दिल्ली के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ा दी।

तीसरे नंबर पर आकर ठोका सुंदर ने शतक: तमिलनाडु ने वाशिंगटन सुंदर को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए भेजा। ऐसे में सुंदर ने 269 गेंदों का सामना किया और 56.51 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 152 रन की गजब पारी खेली। उन्होंने अपनी इनिंग्स में 19 चौके और 1 छक्का भी लगाया। उन्होंने साई सुदर्शन (213) के साथ दूसरे विकेट के लिए 232 रन जोड़ने के बाद भारत ए के बल्लेबाज

दमदार शतक से लूट ली महफिल

पॉल (117) के साथ चौथे विकेट के लिए 92 रन की साझेदारी की। आंद्रे सिद्धार्थ ने भी नाबाद 66 रन बनाए।

सुंदर और प्रदोष रंजन पॉल ने दिल्ली के कमजोर स्पिन आक्रमण का पूरा फायदा उठाते हुए शनिवार को शतक जड़े जिससे तमिलनाडु रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी के मैच में अपनी पहली पारी में विशाल स्कोर खड़ा करने में सफल रहा। तमिलनाडु ने अपनी पहली पारी छह विकेट पर 674 रन पर घोषित की। दिल्ली ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक बिना किसी नुकसान के 43 रन बनाए थे।

सलामी बल्लेबाज ध्रुव कौशिक के चोटिल होने के कारण सनत सांगवान के साथ हर्ष त्यागी ने पारी का आगाज किया। दिल्ली की समस्या यहीं तक सीमित नहीं है। उसके ऑलराउंडर प्रांशु विजयरन भी चोटिल हो गए हैं।

मुद्रक- स्वामी- प्रकाशक, सुनील कुमार मिश्रा, द्वारा शुभ - लाभ प्रिंटर्स , मावली उदयपुर, राजस्थान, 313203 / प्रधान संपादकः उमेश कुमार, मो.नं. +91 96259 58256 / संपादक : अनिल कुमार मिश्र, मो.नं. +91 98 5231 5231 / विधि सलाहकार : अरविंद कुमार भारद्वाज "अधिवक्ता" इलाहाबाद उच्च न्यायालय, उत्तरप्रदेश , मो.नं. +91 96953 96700 / प्रधान कार्यालय : HNo- 616 / 156 /1, सेमरा गौढ़ी, सीतापुर रोड मड़ियांव, लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226013, मो. नं. +91 96259 58256 / बिहार - झारखंड, प्रदेश कार्यालय : (नजदीक जिला केन्द्रीय पुस्तकालय) पुरानी जीटीरोड़ , औरंगाबाद (बिहार), 824101, मो.नं. +9198 5231 5231 / दैनिक शुभ भास्कर RNI UPHIND 2015 /64737. पी. आर. बी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु ज़िम्मेदार, सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।